आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 7 -● जबलपुर ● सोमवार, 6 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935







## तुर्किये और सीरिया में भूकंप से भीषण तबाही, जमींदोज इमारतों में जिंदगी की तलाश

# 313 मौतें, आंकड़ा एक हजार कर सकता है पार



तुर्किये में 76, सीरिया में 237 लोग मारे गए, लेबनान, इजराइल भी हिले

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये (पुराना नाम तुर्की) में सोमवार सुबह भूकंप के 3 बड़े झटकों से भारी तबाही हुई। पहले भूकंप की तीव्रता 7.8 तीव्रता थी। इससे सबसे ज्यादा नुकसान अंकारा, नूरदगी शहर समेत 10 शहरों में हुआ। तुर्किये के कुछ सेकेंड बाद सीरिया, लेबनान और इजराइल में भी भूकंप आया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, तुर्किये में अब तक 76 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 440 लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, सीरिया में 237 लोग मारे गए और 639 जख्मी हैं। इस तरह अब तक इन दो देशों में मरने वालों की संख्या 313 हो गई है। दोनों देशों में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती हैं, क्योंकि अभी भी कई लोग मलबे के नीचे दबे हैं। यह आंकड़ा एक हजार पार कर सकता है। लेबनान और इजराइल से फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन ने जानकारी दी थी कि भूकंप प्रभावित इलाकों में तलाना औऱ्बचाव के लिए टीमें तत्काल भेज दी गई थीं। उन्होंने कहा, च्हमें उम्मीद है कि हम इस आपदा से कम सेकम नुकसान के साथ मिलकर जल्द से जल्द निकल आएंगे। साल 1999 में उत्तर पश्चिम तुर्की में आए भूकंप में 18 हजार लोगों की मौत हो गई थी। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, पहले भूकंप का केंद्र कहरामनमारस प्रांत के गाजियांटेप शहर से 30 किलोमीटर दूर और जमीन से करीब 24 किलोमीटर नीचे था। लोकल समय के मुताबिक, ये भूकंप सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आया। इसके 11 मिनट बाद 6.7 तीव्रता का दूसरा भूकंप भी आया। इसका केंद्र जमीन से 9.9 किलोमीटर नीचे था। दूसरे भूकंप के 19 मिनट बाद 5.6 तीव्रता का तीसरा भूकंप भी आया। लिहाजा कई लोगों के मलबे में दबे होने और मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

## सुप्रीम कोर्ट में 5नये जजों ने ली शपथ

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट और केंद्र के लगभग दो महीने के खींचतान के बाद आखिरकार शनिवार को पांच जजों की नियुक्ति पर मोहर लग गई। ये पांच जज सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की नई बिल्डिंग में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड इन जजों को शपथ दिलाई इन नियुक्तियों के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 32 हो गई है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में कुल संख्या 34 जजों की होनी चाहिए।



## संघ प्रमुख मोहन भागवत का जातिवाद पर बड़ा बयान

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने जातिवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋस्र् प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, च्हमारी समाज के प्रति भी जि़म्मेदारी है। जब हर काम समाज के लिए है तो कोई ऊंचा, कोई नीचा या कोई अलग कैसे हो गया? भगवान ने हमेशा बोला है कि मेरे लिए सभी एक है, उनमें कोई जाति, वर्ण नहीं है, लेकिन पंडितों ने श्रेणी बनाई, वो गलत था। भागवत ने कहा कि हमारे समाज के बंटवारे का ही फायदा दूसरों ने उठाया। इसी का फायदा उठाकर हमारे देश में आक्रमण हुए और बाहर से आये लोगों ने फायदा उठाया।





# पहले गूंजा जयश्री राम, फिर अडानी पर मचा घमासान

### कांग्रेस समेत 12 पार्टियों ने कहा- संसद में और कोई मुद्दा नहीं उठेगा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** अडाणी ग्रुप पर जांच की मांग को लेकर सोमवार को संसद से सड़क तक हंगामा हो रहा हैं। कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन कर रही है। लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने अडाणी मामले में चर्चा की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। दोनों सदनों के स्पीकर्स ने सांसदों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष का कहना है कि संसद में अडाणी के अलावा कोई और मुद्दा नहीं उठेगा। बजट पेश होने के बाद संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है। विपक्ष अडानी के मुद्दे पर एकजुट है और सरकार से चर्चा कराने की मांग कर रहा है। पिछले हफ्ते में दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो सका था। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि लोग चिंतित हैं लेकिन सरकार अडानी के मुद्दे पर बोलने से बच रही है। अडानी दावा कर रहे हैं कि यह देश पर एक हमला है, लेकिन कैसे? उन्होंने कहा कि हम इस मामले में जेपीसी जांच चाहते हैं। आज स्पीकर ओम बिरला ने जैसे ही सदन में प्रवेश किया, सांसद जयश्री राम के नारे लगाने लगे। आगे बिरला ने बताया कि आज संसद में भूटान के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य विराजमान हैं। मैं अपनी ओर से सदन की ओर से सभी माननीय सदस्यों की ओर से उनकी भारत यात्रा पर स्वागत-अभिनंदन करता हूं। शिष्टमंडल के सदस्य मुंबई और औरंगाबाद की यात्रा भी करेंगे। जिस समय स्पीकर परिचय करा रहे थे, भूटान से आए मेहमान हाथ जोड़कर खड़े हो गए।भूटान के मेहमानों का परिचय कराने के फौरन बाद स्पीकर ने कहा कि माननीय सदस्य गण थोड़ा संसद की गरिमा बनाए रखिए। यह संसद है। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की घोषणा कर दी। शोर शुरू होने लगा... सदस्यों को देख स्पीकर नाराज हो गए।

उन्होंने सदस्यों से अपनी सीट पर लौटने के लिए कहा। एक सदस्य ने कहा, सर हाउस ऑर्डर में नहीं है।



## बैग उठाने के लिए मदद मांगी थी, एयर होस्टेस बोली- ये मेरा काम नहीं

# अमेरिकन एयरलाइंस ने कैंसर पेशेंट महिला को फ्लाइट से उतारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट से एक महिला कैंसर पेशेंट को उतार दिया गया। उनकी गलती बस इतनी थी कि फ्लाइट में अपना बैग ओवरहेड केबिन में रखने के लिए एयर होस्टेस से मदद मांग ली। पीड़ित ने दिल्ली पुलिस और सिविल एयर से इसकी शिकायत की है। वहीं, एयरलाइन ने मामले पर सफाई देते हुए कहा कि पैसेंजर ने क्रू मेंबर के निर्देश मानने से इनकार कर दिया था। 30 जनवरी को मीनाक्षी सेनगुप्ता नाम की महिला ने अमेरिकन एयरलाइंस के एक क्रू मेंबर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मीनाक्षी ने बताया कि वो कैंसर पेशेंट हैं और हाल ही में उनकी सर्जरी हुई है। वे रूटीन चेकअप के लिए अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट 293 से न्यूयॉर्क जा रही थीं। दिल्ली एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ ने उन्हें व्हीलचेयर की मदद से फ्लाइट में चढ़ाया। मीनाक्षी बताती हैं कि सर्जरी के बाद से मेरा शरीर बहुत कमजोर हो गया है, मैं ज्यादा वजन नहीं उठा सकती। इसीलिए फ्लाइट में चढ़ने के बाद मैंने करू मेंबर से अपना बैन ओवरहेट केबिन में रखने के लिए मदद मांगी। बैग का वजन करीब ढाई किलो था, लेकिन क्रू मेंबर ने मेरी मदद करने से मना कर दिया और फ्लाइट से नीचे उतरने को कह दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं सहज महसूस नहीं कर रही हूं तो मुझे विमान से उतर जाना चाहिए। इस फैसले में पूरा क्रू साथ था।

## 11 राज्यों में आज से इथेनॉल वाला पेट्रोल

### पीएम मोदी लॉन्च करेंगे, एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री राष्ट्र को सौंपेंगे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बेंगलुरु में इंडिया एनर्जी वीक 2023 का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान 11 राज्यों में ई20 पेट्रोल की शुरुआत भी होगी, जो 20प्रश इथेनॉल से मिलकर बनता है। PM सोलर एनर्जी से चलने वाले सोलर कुकिंग सिस्टम को भी पेश करेंगे। एनर्जी वीक 6 फरवरी से 8 फरवरी तक चलेगा। इसके अलावा PMमोदी कर्नाटक के तुमकुरु में HAL की हेलिकॉप्टर फैक्ट्री देश को सौंपेंगे। यह एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री है। यहां 20 साल में 1000 से अधिक हेलिकॉप्टर बनेंगे।PMमोदी ने रविवार को ट्वीट करके कर्नाटक दौरे के बारे में जानकारी दी।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग




### ईरान में विजेता भारतीय खिलाड़ी तान्या को ढकना पड़ा सिर

# हिजाब पहनने पर ही मिला मेडल






**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की तान्या हेमंत ने ईरान के फज्र इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंगल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। लेकिन उनके खिताब जीतने से ज्यादा चर्चाएं ईरान के रवैये की हो रही हैं। तान्या को जीत के बाद अपना गोल्ड मेडल लेने के लिए जाना था, लेकिन ईरानी अथॉरिटीज ने उन्हें सिर पर स्कार्फ पहनने को कहा। ईरानी अथॉरिटीज के कहने पर तात्या हेमंत ने स्कार्फ पहना और उसके बाद ही पोडियम पर मेडल लेने के लिए जा सकीं। तान्या की ऐसे वक्त में स्कार्फ पहनने को कहा गया, जब खुद ईरान में ही महिलाएं हिजाब के खिलाफ आंदोलन कर रही हैं और सड़कों पर हैं। कई महिलाओं को तो जेल में भी डाला गया है, लेकिन आंदोलन नहीं थम रहा। दूसरे नंबर की खिलाड़ी 19 साल की तान्या ने प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी से ट्रेनिंग ली है। उन्होंने 30 मिनट चले मुकाबले में तारानिम मीर को हरा दिया। इसके बाद जब मेडल सेरेमनी की बारी आई तो आयोजकों ने तान्या से कहा कि वे सिर ढकने के बाद ही मंच पर आ सकती हैं। टूनर्मेंट की गाइडलाइंस में स्कार्फ या हिजाब पहनने की कोई बात शामिल नहीं थी। लेकिन आयोजकों ने तान्या से कहा कि वे मंच पर जाने से पहले सिर पर काबा लें। हालांकि मैच के दौरान ऐसी कोई पाबंदी नहीं थी लेकिन महिलाओं को मैचों को देखने के लिए पुरुष दर्शकों को अनुमति भी नहीं है।



## बिहार में बकरी ने दिया घोड़े जैसे बच्चे को जन्म

**बगहा,एजेंसी।** कभी कभी ऐसा कुछ होता है जो लोगों को चौंका कर रख देता है। लोगों को उम्मीद से परे कुछ ऐसा देखने को मिल जाता है जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की हो। हालांकि ऐसी तस्वीरों की वजह क्या होती है, ये कोई नहीं जानता। ऐसा ही कुछ हुआ बिहार में। बिहार में इंडो नेपाल सीमा पर स्थित वाल्मीकीनगर में एक बकरी ने ऐसे बच्चे को जन्म दिया जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। इस बच्चे का सिर ही नहीं था। लेकिन बाकी का जिस्म ऐसा था, जिसे देख कर सब हैरान रह गए। किसी को यकीन नहीं हो पा रहा था कि ऐसा भी हो सकता है। लेकिन जो आंखों के सामने था वो सच था। यहां एक बकरी ने ऐसे बच्चे को जन्म दिया जिसका सिर ही नहीं था। यही नहीं, बकरी के बच्चे के कान उसकी गर्दन पर ही थे।



# आठ राज्यों के खिलाड़ी मैदान में दिखाएंगे तलवारबाजी के जौहर, आज अभ्यास मैच

**जबलपुर, यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स का दूसरा चरण मंगलवार को रानीताल स्पोर्टर्स काम्पलेक्स के बैलोड्रम में बने डोम में तलवारबाजी से होगा। मेजबान मध्यप्रदेश समेत आठ राज्यों के 180 खिलाड़ी रविवार को जबलपुर पहुंच गए। आज सभी खिलाड़ी अपनी-अपनी तलवार की जांच करने के बाद अभ्यास मैच खेलेंगे। खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपनी जीत पक्की करने के लिए जरा भी अवसर नहीं गंवाया और रविवार शाम को ही डोम पहुंचकर तलवारबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया। इस देशभर से आए खिलाड़ियों के अभ्यास से लेकर उनके रूकने की व्यवस्था में प्रशासनिक अधिकारी और वालेंटियर डटे रहे।तलवारबाजी की प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता की शुरूआत सुबह 10 बजे बालिका वर्ग की व्यक्तिगत श्रेणी में सेबर स्पर्धा से होगी। इसी दिन व्यक्तिगत श्रेणी में बालक वर्ग की सेबर, फॉयल और एपी स्पर्धा भी प्रारंभ होंगी। डोम को तलवारबाजी के लिए भव्य सजाया गया है। रोड साइक्लिंग की प्रतियोगिता खजरी-खिरिया में होगी। जिसमें 240 खिलाड़ी शामिल होंगे। तलवारबाजी में भाग लेने के लिए आठ राज्यों के खिलाड़ी जबलपुर पहुंचे। इसके स्वागत के लिए स्टेशन और होटल पर खास व्यवस्था की गई।

# आज फाल्गुन मास शुरू, 18 को महाशिवरात्रि

## 20 फरवरी को सोमवती अमावस्या



**जबलपुर, यशभारत।** कुमार सौभाग्य योग में छह फरवरी यानी आज से हिन्दू संवत्सर के 12वें महीने फाल्गुन की शुरुआत हो गई है। इस समूचे माह रूहानी सुकून के साथ ही सौहार्द की बयार बहेगी। इस माह के दौरान महाशिवरात्रि, सोमवती अमावस्या, होली सहित मुस्लिम, ईसाई, सिख व आदिवासी समाज के पर्व भी आएंगे। होलाष्टक भी इसी माह शुरू होगा। ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने बताया कि फाल्गुन मास का समापन सात मार्च को होगा। इस महीने की पूर्णिमा को चंद्रमा फाल्गुनी नक्षत्र में रहता है, इसलिए इसे फाल्गुन मास कहा जाता है। सूर्य के मीन राशि में प्रवेश के साथ ही इस माह की शुरुआत होती है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के साथ ही उसी दिन शनि प्रदोष और चार मार्च को शनि प्रदोष रहेगा। यानि चार प्रहर की पूजा के साथ प्रदोष में भोलेनाथ की आराधना दस गुना होगी।

### 28 फरवरी से शुरू होंगे

होली का पर्व प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को आता है। होली के त्योहार से ठीक आठ दिन पहले होलाष्टक लग जाते हैं। इस शब्द की उत्पत्ति होली और अष्टक से हुई है।होलाष्टक का अर्थ होली के आठ दिनों से होता है। वेद-शास्त्रों के अनुसार इन आठ दिन में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य नहीं किया जाता है। होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक लगे रहते हैं।इस साल 28 फरवरी से होलाष्टक शुरू हो जाएंगे और 7 मार्च तक रहेंगे। होलिका दहन 7 मार्च 2023 को होगा। वहीं 8 मार्च को रंग वाली होली खेली जाएगी।

होलाष्टक में इन कामों को नहीं करने चाहिए

होलाष्टक में कोई धातु जैसे सोना-चांदी नहीं खरीदना चाहिए।

होलाष्टक के आठ दिनों में किसी भी प्रकार का नया वाहन खरीदना अशुभ होता है।होलाष्टक में भवन निर्माण या प्रॉपर्टी लेन- बेच का कार्य भी नहीं करना चाहिए। होलाष्टक में मांगलिक जैसे विवाह, मुंडन, सगाई, गृह प्रवेश जैसे कार्य भी नहीं करने चाहिए।

हवन, यज्ञ, भागवत या रामायण जैसे कार्य भी होलाष्टक में नहीं करने चाहिए। इस फाल्गुन माह ये प्रमुख ये प्रमुख त्योहार

नौ फरवरी को द्विज प्रिय संकष्टी चतुर्थी12 फरवरी को यशोदा जयंती

### 13 फरवरी को शबरी जयंती, कालाष्टमी, कुम्भ संक्रांति

14 फरवरी - जानकी जयंती

15 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती

17 फरवरी को विजया एकादशी व्रत, रामदास नवमी

18 फरवरी को महाशिवरात्रि, शनि प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी

20 फरवरी को सोमवती अमावस्या

21 फरवरी को फुलेरा दूज, गुरु रामकृष्ण जयंती, चन्द्र दर्शन।

23 फरवरी को विनायक चतुर्थी।

25 फरवरी को स्कंद षष्ठी।

27 फरवरी को होलाष्टक, मासिक दुर्गाष्टमी, रोहिणी व्रत।

3 मार्च 2023-आमलकी एकादशी, नरसिंह द्वादशी

4 मार्च 2023-शनि त्रयोदशी, प्रदोष व्रत

6 मार्च 2023-फाल्गुन चौमासी चौदस

7 मार्च 2023-होलिका दहन, छोटी होली, वसंत पूर्णिमा, फाल्गुन पूर्णिमा, लक्ष्मी जयंती

# भूमिपूजन में समय-सीमा पर नहीं पहुंचे सांसद एवं भाजपा जनप्रतिनिधि - महापौर

## नगर निगम के स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन कर श्रेय की राजनीति कर रही है भाजपा



**जबलपुर,यशभारत।** रविवार को पूर्व एवं मध्य विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भूमिपूजन का कार्यक्रम 12:00 बजे रखा गया था। जिसमें महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना समय से भूमिपूजन स्थल पर पहुँच भी गये। परन्तु सांसद राकेश सिंह एवं भाजपा जनप्रतिनिधि अपरान्ह 02:00 बजे तक नहीं पहुँचे जिसके कारण पूरा निगम प्रशासन एवं महिलाओं सहित आम नागरिक परेशान रहे। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने भाजपा पर यह भी आरोप लगाया कि भाजपा नगर निगम के पूर्व स्वीकृत कार्यो का भूमिपूजन कर श्रेय लेने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि महापौर, विधायक की अनुपस्थिति में न हो कोई भूमिपूजन इस बात का भी प्रशासन और प्रतिनिधियों को ध्यान रखना होगा। महापौर ने मध्यप्रदेश शासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि भाजपा के जनप्रतिनिधि नगर निगम के कोई भी स्वीकृत कार्यो का यदि भूमिपूजन महापौर एवं विधायकों की अनुपस्थिति में करता है तो यह कभी बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने श्रेय लेने की राजनीति से दूर रहने की भी भाजपा को चेतावनी दी है। महापौर ने कहा कि हम नागरिकों के लिए सेवक के रूप में समर्पित हैं, नागरिकों के साथ कोई छल कपट नहीं होने देगें।

# मौसम में घुला बासंती रंग ,पतझड़ शुरू



**जबलपुर यशभारत।** फरवरी माह की शुरूआत के साथ ही अब हवा का रुख बदल रहा है। सुबह से उत्तर- पश्चिमी हवा चलती रही। मौसम में बासंती रंग घुला रहा। मध्यम हवा के बीच पेड़ों से गिरते पत्ते पतझड़ का आभाष करा रहे थे, सुर्ख लाल टेसू के फूल भी इतराते रहे। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के गुजरने के बाद उत्तर से सीधी हवा आ रही है। वातावरण में नमी भी कम हो गई। बादल भी नहीं है। दोपहर में तेज हवा भी नहीं चल रही है। इसलिए आसमान बिल्कुल साफ रहा और धूप चुभ रही है। इससे दिन में कई शहरों में पारे में बढ़ोतरी हो गई है। रविवार की शाम को तो मौसम और खुशनुमा हो गया। दिन में हल्की गर्माहट तो रात में फिर उत्तरी हवा चलने से हल्की ठंडक महसूस होने लगी। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क रहेगा तापमान में आंशिक बढ़ोत्तरी होने से दिन में हल्की गर्माहट महसूस की जा रही है। जबकि रात में हल्की ठंडक बरकरार है। सोमवार को खिली धूप में तीखापन ज्यादा हे। ज्यादा देर तक धूप में रहना मुश्किल हो रहा है। धूप के असर से वातावरण में गर्माहट महसूस की गई। ठंड का असर भी बेहद कम रहा। अधिकतम तापमान भी 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं रात का तापमान भी 9 .2 डिग्री तक पहुंच गया।



## निशुल्क सिलाई मशीनों एवं राशन का वितरण

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर बाबा नारायण शाह सेवा समिति के तत्वावधान में सिंधु भवन में प्रतिमाह के अनुसार इस माह भी जरूरतमंद परिवारों को महीने भर का राशन निशुल्क प्रदान किया गया द्यइस अवसर पर स्वरोजगार हेतु 2 महिलाओं को सिलाई मशीनें भी निशुल्क प्रदान की गई द्य समिति प्रमुख श्री चंद मनध्यानी ने इस अवसर पर पिछले 23 सालों से नियमित रूप से जारी सेवा कार्यों का विवरण दिया द्य समाज के गरीब, असहाय एवं दिव्यांगों की सेवा का संकल्प लिया। द्य इस अवसर पर चंद मनध्यानी, टेकचंद हीरानी, रोशन लाल मनध्यानी ,मनोहर लाल बुधरानी, परसराम बजाज ,अशोक कुमार आहूजा , मनोहर लाल अंबवानी ,आनंद मनुरामानी आदि का सहयोग रहा।



## शिक्षा विभाग में चल रहे स्थानांतरण उद्योग के बाद अतिशेष उद्योग

**जबलपुर,यशभारत।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग में स्थानांतरण उद्योग के बाद अतिशेष उद्योग चल रहा है। इस अतिशेष के खेल को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू को 6 सूत्रीय मांग प्रत्र सौपा, जिसमें बताया गया कि माध्य. शालाओं की पद संरचना अनुसार विज्ञान विषय के पद को 5वां एवं हिन्दी विषय को 6वां पद मान जा रहा है जबकि भर्ती के समय विज्ञान / गणित विषय में किसी एक पद को ही पहला पद माना गया था तथा हिन्दी विषय को तीसरा पद माना जाना था, बीच शिक्षा सत्र में पहले थोक के भाव स्वैच्छिक स्थानातरण कर ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं एक शिक्षकीय अथवा शिक्षक विहीन कर शिक्षकों को नगर की मनचाही शालाओं में पदस्थ कर दिया गया जब उक्त विद्यालय में दर्ज संख्या एवं विषयमान से पद रिक्त नहीं था तो फिर स्वैच्छिक स्थानातरण से पद किस आधार पर किया गया जारी अतिशेष सूची में जिन शिक्षकों के सेवानिवृत्ति एक वर्ष अथवा एक वर्ष से कम रह गया है उन शिक्षकों के नाम भी शामिल हैं, गंभीर रूप से बीमार एवं महिला शिक्षकों के नाम भी अतिशेष सूची में शामिल किये गये हैं वर्तमान शिक्षा सत्र 2022-23 पूर्ण हो रहा है माह मार्च 2023 में परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम आना ही शेष रह गया है, ऐसी स्थिति में शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्थानातरित कर अन्य शालाओं में भेजा जावे जिसका प्रभाव परीक्षा परिणाम में भी पड़ेगा ।इस अवसर पर संघ के योगेन्द्र दुबे, संजय यादव, संध्या अवस्थी, ममता धनगर, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डे, मनोज सिंह, नीरज मिश्रा, सत्येन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र कुररिया, आदि उपस्थित रहे।

# समरसता सेवा संगठन की समरसता एवं सेवा के संकल्प के साथ बैठक



**जबलपुरयशभारत।** सामजिक समरसता एवँ एकता के उद्देश्य को लेकर गठित समरसता सेवा संगठन की कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक संत रविदास जयंती के अवसर पर राइट टाउन स्थित संगठन के कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री आंनद जी उपस्थित थे। बैठक के पूर्व संगठन के सभी सदस्यों ने भारतमाता एवँ संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। समरसता सेवा संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति को बढ़ाने और सनातन परंपरा को लोगो के बीच ले जाने का कार्य सभी जाति वर्ग के महापुरुषों ने किया है किंतु कालान्तर मे किन्ही कारणों से या अज्ञानता को वजह से उन्हें किसी एक समाज विशेष तक सीमित कर दिया जबकि उन्होंने जो भी ज्ञान, उपदेश दिया वह सम्पूर्ण सनातन समाज को दिया था और उन सारे महापुरुषों का सभी जाति वर्गों में एक जैसा सम्मान मिले उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को सभी आत्मसात करे , इन्ही उद्देश्य को लेकर इस समरसता सेवा संगठन का निर्माण किया गया। उन्होंने बताया समरसता सेवा संगठन की कार्यकारिणी के गठन के पश्चात आज संगठन की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई संगठन के उद्देश्य एवँ आगामी कार्यक्रम पर चर्चा की गई। बैठक में संचालन समिति के हेमराज कनोजिया, धीरज अग्रवाल, अनिल सोनी, संतोष झारिया, राजेश ठाकुर, देशराज सिंह, सचिव उज्ज्वल पचौरी, उपाध्यक्ष राजीव राठौर, शिवरतन पटेल, राज भटनागर, सौरभ यादव, मनोज सराफ, सह सचिव महिपाल सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, रामेश्वर चौधरी, अमित जैन वासु, विवेक चौबे गुड्डु, रोमिल भारती, सनी रोहरा, बालकृष्ण पटेल, संदीप यादव, अभिषेक बासल के साथ विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

## नर्मदा जौन के संभागीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष बने वैद्यनाथ अय्यर

**जबलपुर , यशभारत।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा जबलपुर कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने बताया है कि रानीअवंती बाई लोधी सागर परियोजना अपर नर्मदा जॉन के (बरगी नगर जबलपुर कटनी मंडला नरसिंहपुर) से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्रांतीय महामंत्री/ संभागीय अध्यक्ष अजय दुबे द्वारा प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा जी की अनुमति उपरांत श्री वैद्यनाथन अय्यर जी पत्र वाहक कार्यपालन यंत्री दांई तट नहर संभाग क्रमांक 1 कटनी को परियोजना *संभागीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई ।

# हरे कृष्णा आश्रम में निःशुल्क माघ मास कल्पवास का समापन कल्पवासी हुए भावुक



**जबलपुर यशभारत।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 8 वर्ष में निःशुल्क माघ मास का कल्प वासियों को अभिनंदन पत्र देकर विदा किया गया। यह बड़ा भावुक समय था । आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के नेतृत्व में कल्प वासियों ने प्रयागराज इलाहाबाद की तर्ज पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में सरस्वती मैया नर्मदा मैया गंगा मैया के संगम पर 7 दिन 15 दिन 30 दिन की साधना कर पुण्य लाभ कमाया सुबह 6.00 बजे चाय 8.00 बजे नाश्ता 12.00 बजे भोजन 3.00 बजे चाय शाम 7.00 बजे भोजन आश्रम की ओर से सभी व्यवस्थाएं निशुल्क की गई थी प्रतिदिन सुधा संकीर्तन आचार्य पंडित मनमोहन दुबे के नेतृत्व में प्रति दिन सुबह मंगला आरती भागवत कथा का पूजन माला जाप दोपहर 3:00 बजे से संकीर्तन एवं राम कथा कृष्ण कथा का आयोजन होता था परिक्रमा संयोज एडवोकेट शीर्ष अग्रवाल ने बताया माघ मास कल्पवास में युवाओं को जोड़ना यही हमारी पहली प्राथमिकता है।

# जीसीएफ में इंटर सेक्सन क्रिकेट का आगाज



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस जीसीएफ कार्य समिति के तत्वाधान इंटरसेक्शन टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों का शुभारंभ विद्यानगर मैदान में किया गया ।इस अवसर पर मैच के मुख्य अतिथि जनरल मैनेजर राहुल चौधरी थे। सह सचिव उत्तम विश्वास ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद प्रबंधन एवं कार्यसमिति के सहयोग से कर्मचारियों में आपसी सौहार्द बढ़ाने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है ।इस मौके पर कार्यसमिति सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुरक्षा अधिकारी कर्नल मनीष पाठक का भी स्वागत स्पोर्ट्स कमेटी की ओर से किया गया। शुभारंभ मैच टेक किंग एवं एडमिन के बीच खेला गया ।टेक किंग के कप्तान कार्यसमिति सदस्य बीरबल के नेतृत्व में टीम ने काफी अंतर से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच दिनेश कुमार थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कार्यसमिति सदस्य आशीष विश्वकर्मा अमित चंदेल अमित गुप्ता राहुल गुप्ता पार्थ ओझा का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम के दौरान जीसीएफ के वरिष्ठ श्रमिक नेता एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती ऊषा पाठक के निधन पर मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





















# जबलपुर के तीन माननीय चाह लें तो संस्कारधानी, चिकित्सा राजधानी बन सकती है

**जबलपुर यशभारत। इंदौर को आईआईटी और आईआईएम वहीं भोपाल को एम्स के रूप में राष्ट्रीय स्तर का संस्थान मिला। लेकिन जबलपुर को मेडिकल विवि का झुनझुना पकड़ाकर बहला दिया गया। जब यह संस्थान खुला तब ऐसा लगा था मानों जबलपुर प्रदेश की चिकित्सा राजधानी बन जायेगा।**




## शहर चाहिए पीजीआई जैसा चिकित्सा संस्थान, मेडिकल विवि झुनझुना साबित हुआ

पूरे प्रदेश के मेडिकल कालेज सहित चिकित्सा से जुड़े अन्य संस्थानों की परीक्षा और मान्यता आदि के अलावा इस विवि के पास कुछ भी ऐसा नहीं है जिससे जबलपुर का राई रत्ती भला हो पाता। उल्टे यह कुलपति और रजिस्ट्रार की नियुक्ति सहित वित्तीय अनियमितताओं का अड्डा बनकर रह गया। आर्थिक घोटालों के साथ परीक्षा प्रबंधन में भी ये विफल रहा है। यदि मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सालय न खुलता तो यहां की चिकित्सा व्यवस्था किस स्तर की थी बताने की जरूरत नहीं है। ऐसे में मेडीकल विवि की बजाय जबलपुर में पीजीआई ( पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल एजुकेशन एंड रिसर्च , चंडीगढ़) जैसा संस्थान खुले तब जबलपुर का नाम न सिर्फ़ उच्चस्तरीय इलाज बल्कि चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में विश्वस्तर पर प्रतिष्ठित हो सकता है। ध्यान देने योग्य बात है कि आज भी जबलपुर से प्रतिदिन सैकड़ों लोग जांच और इलाज हेतु नागपुर , इंदौर , मुंबई , भोपाल , रायपुर या दिल्ली जाते हैं। एयर एंबुलेंस का आना जाना इसीलिए लगा रहता है। यदि पीजीआई यहां खुल सके तो जबलपुर चिकित्सा का बड़ा केंद्र बनने के साथ ही आम जनता के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। यही नहीं तो आयुष्मान योजना और सीजीएचएस योजनाओं में जो करोड़ों रुपए निजी अस्पतालों की तिजोरी में जा रहा है वह भी बचाया जा सकेगा। वर्तमान में संयोगवश जबलपुर के पास तीन सांसद हैं। एक चार बार के लोकसभा सदस्य हैं और भाजपा के मुख्य सचेतक भी। एक राज्यसभा में प्रधानमंत्री की पहल पर पहुंची जबकि एक का दिल्ली में अपना आभामंडल है। यदि श्रेय की लूट और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ये तीनों साझा प्रयास करें तो संस्कारधानी चिकित्सा राजधानी बन सकती है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव का लाभ उठाते हुए इस बारे में दबाव बनाया जावे तो बड़ी बात नहीं जबलपुर की जनता को बेहतर इलाज मिल सके।

# बदमाशों ने चाकू से बिगाड़ दिया युवक का चेहरा

## बीच रास्ता रोककर की थी रुपयों की डिमांड



**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल में दुकान बंद कर दोस्त के साथ घर जा रहे युवक का रास्ता रोककर दो बदमाशों से रुपयो की डिमांड की। जब युवक ने रुपये देने से मना कर दिया तो दोनों ही आरोपियों ने चाकू और डंडे से वार कर युवक का घायल करते हुए चाकू से वार कर चेहरा बिगाड़ दिया और मौके से फरार हो गए। मामला दर्ज होने के बाद मुस्तैद पुलिस ने एक आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। वहीं दूसरे की तलाश जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि आजाद चौधरी 32 वर्ष निवासी पन्नी मोहल्ला सुहागी ने बताया कि वह दोना डिस्पोजल की दुकान चलाता है। देर रात दुकान बंद करके अपने साथी अमन साहू के साथ घर जा रहा था तभी शुभम मिश्रा एवं ऋषि तिवारी ने उससे रोककर शराब पीने के लिये रूपयों की मांग की। उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों मारपीट करने लगे। इसी बीच अमन साहू बीचबचाव करने लगा तो दोनों ने चाकू और डंडे से हमला कर चेहरे और आंख सहित शरीर में वार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने शुभम मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी रामनगर रिछाई को गिरफ्तार कर लिया है।

# बीच रास्ते में रोककर रंगदारी वसूली को लेकर मारपीट

**जबलपुर यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत मेन रोड पर दो बदमाशों ने बीच रास्ते में रोककर दो लड़कों से शराब पीने के लिये जबरिया रुपयों की मांग की, मना करने पर उनके साथ मारपीट की. अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्नी मोहल्ला सुहागी निवासी 32 वर्षीय आजाद चौधरी अपनी दोना पत्तल की दुकान बंद करके अपने दोस्त अमन साहू के साथ घर लौट रहा था. एक होटल के सामने शुभम मिश्रा और ऋषि तिवारी ने उसे रोका शराब के लिये पैसे मांगने लगे. दोस्त अमन ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की. पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 341, 327, 506, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी रामनगर रिछाई निवासी शुभम मिश्रा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू भी जप्त किया. आरोपी शुभम मिश्रा को न्यायलय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उसके साथी ऋषि तिवारी की तलाश की जा रही है.



# खेलो इंडिया यूथ गेम्स योगासन स्पोर्ट्स में मप्र का कमाल

## जबलपुर की रिया और निष्ठा ने जीते दो स्वर्ण

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आयोजित योगासन स्पोर्ट्स में आर्टिस्टिक पेयर प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश ने शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक जीते। संस्कारधानी जबलपुर की रिया और निष्ठा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्टिस्टिक पेयर प्रतियोगिता में स्वर्ण अर्जित कर रचा इतिहास रच दिया। मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन के अध्यक्ष एवम कंप्टीशन मैनेजर वेद प्रकाश शर्मा ,मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन के सचिव ,हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज के खेल अधिकारी एवम टेक्निकल ऑफिसर यूथ गेम्स दिनेश सिंह ठाकुर संयुक्त सचिव सचिन तिवारी , उपाध्यक्ष अजय बखतरिया ,उपाध्यक्ष प्रेम पुनिया के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश टीम के कोच शिवम गुप्ता,रुक्मणि राव और मैनेजर बरूण कुशवाहा की अगुआई में मध्यप्रदेश का यह श्रेष्ठ प्रदर्शन है।




# वृद्ध को लोडिड वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना अंतर्गत एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी। दरअसल वृद्ध अपने घर जा रहा था, तभी भेड़ाघाट में एक लोडिड वाहन ने सीधी टक्कर मार दी। जिसके बाद आनन-फानन में वृद्ध को दो दिन पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के दौरान पीड़ित ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महेश साहू पिता नारायण साहू 62 साल ग्राम खैरी शहपुरा थाना भेड़ाघाट का निवासी था। जो भेड़ाघाट जा रहा था। तभी बताया जा रहा है कि वृद्ध को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके बाद राहगीरों ने वृद्ध को एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस को सूचना दी। दो दिन से अस्पताल में इलाजरत वृद्ध ने आज दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# डेढ़ करोड़ लेकर फरार हो गया बिल्डर, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पीड़ितों ने सौंपी शिकायत



**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार में रहने वाले एक दर्जन से ज्यादा लोग आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और खुद के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत एसपी के नाम सौंपी। पीड़ितों ने शिकायत में बताया कि बिल्डर आनंद यादव के द्वारा प्लाट के लिए पूरा पैसा लिया लेकिन रजिस्ट्री आज तक नहीं की। करीब एक दर्जन लोगों से डेढ़ करोड़ रूपये प्लाट देने के रूप में लिए गए लेकिन प्लाट का मालिकाना हक आज तक नहीं मिला। इस संबंध में गोराबाजार थाने में शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर खानापूर्ति कर ली। बिल्डर पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराई तो गोराबाजार पुलिस सीएम हेल्पलाइन वापस लेने को कह रही है। पीड़ितों का कहना है कि पुलिस जानबूझकर आरोपी बिल्डर को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

# दो बच्चों की मां के साथ दुष्कर्म

# प्यार का झांसा देकर रचा रहा था विवाह, पीड़िता ने घर पहुंचकर मचाया हंगामा

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत बलात्कार का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां, दो बच्चों की तलाकशुदा महिला के साथ प्यार का झांसा देकर आरोपी युवक चार साल से घर में लाकर ज्यादती कर रहा था। इसी बीच पीड़िता को जब पता चला कि युवक विवाह रचा रहा है, तो वह युवक के घर पहुंची, जहां से उसे भगा दिया गया। जिसके बाद पीड़िता थाने पहुंची। मुस्तैद पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 29 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह थाना पनागर की निवासी है। उसका अधारताल निवासी युवक से पूर्व परिचय था।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जांच जारी**

### 2019 से लगातार कर रहा ज्यादती

पुलिस ने बताया कि पीड़िता के अनुसार 2019 में युवक ने मीठी मीठी बातें कर उसे प्यार के झांसे में फंसा और फिर लगातार उसका दैहिक शोषण किया। जब भी उसने विवाह करने की बात कही तो आरोपी टालता रहा। इसी बीच उसे पता चला कि आरोपी विवाह कर रहा है। जब उसने दबाव बनाया तो आरोपी साफ मुकर गया। वहीं, प्रकरण दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है।

### न्यायालय में चल रहा है केस

पुलिस के अनुसार महिला के दो बच्चे है। लेकिन पति से नहीं बनने के कारण एक बच्चा पति तो दूसरा बच्चा महिला के साथ ही रहता है।

# जुआफड़ में पुलिस की कार्रवाई : 15 हजार रुपये जब्त, 9 आरोपियों को दबोचा



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत अमखेरा कुदवारी में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने देर रात दबिश देकर 9 जुआड़ियों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से पुलिस ने करीब पंद्रह हजार रुपये जब्त किए है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि अनुज दुबे निवासी अमखेरा कुंदवारी अपने घर में जुआफड़ संचालित कर रहा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मोह आसिफ,मो रसीक जहांगीर खान, अहमद अंसारी अनुज दुबे सहित नौ लोगों को दबोचकर करीब पंद्रह हजार रुपये और ताश के पत्ते जब्त किए है।

# बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा सामग्री का वितरण



## 15 से 27 फरवरी तक निजी और शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा

**जबलपुर ।** कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा से जुड़ी गोपनीय सामग्री रविवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल से जबलपुर आ गई। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में रविवार को सामग्री ट्रक से पहुंची। जिसे स्कूल परिसर में सुरक्षित रखवाया गया है। परीक्षा प्रभारी अरविंद अग्रवाल ने बताया कि प्रयोगिक परीक्षा से जुड़ी सामग्री बोर्ड से बुलाई गई है। 15 फरवरी से निजी और शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा प्रारंभ होनी है। ये परीक्षाएं 27 फरवरी तक संपन्न करवानी हैं। गोपनीय सामग्री में बोर्ड से बने हुए प्रपत्र भी भेजे गए हैं। एमएलबी स्कूल की प्राचार्य प्रभा मिश्रा ने बताया कि स्कूल में सामग्री सुरक्षित रखी गई है। गोपनीय सामग्री का वितरण निजी और सरकारी स्कूलों के लिए किया जा रहा है। ज्ञात हो कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की मार्च से प्रारंभ हो रही कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र का निर्धारण कर दिया है। जिले में 101 परीक्षा केंद्र निर्धारित हुए है। इसमें 96 केंद्र में नियमित विद्यार्थी तथा पांच केंद्र स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए रखे गए हैं। परीक्षा में 51 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।

# ऑनलाइन पढ़ाई के लिए 200 कंप्यूटरों की लैब तैयार करेगा रादुविवि

**कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्ताव हुआ पारित**

**जबलपुर यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आधुनिक शिक्षा देने के लिए अब 200 कंप्यूटरों की लैब तैयार की जा रही है। विश्वविद्यालय में अभी तक कंप्यूटर की व्यवस्था नहीं थी, जिस वजह से अध्ययन-अध्यापन कार्य में असुविधा होती है। ऐसे में प्रशासन लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से कंप्यूटर खरीदने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए जल्द निविदा जारी की जाएगी। प्रशासन का तर्क है कि आनलाइन परीक्षाओं के लिए सुविधा नहीं थी। कंप्यूटर लैब तैयार हो जाने के बाद आनलाइन परीक्षाएं आसान हो जाएंगी। आने वाले समय में विश्वविद्यालय में प्रवेश से जुड़ी परीक्षाएं आनलाइन कराई जाएंगी। जिसके लिए कंप्यूटर लैब की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कुलसचिव डा. दीपेश मिश्रा ने बताया कि विभागों में लंबे समय से कंप्यूटरों की खरीदी नहीं हो पाई थी। इस वजह से विभागों में भी कामकाज में समस्या हो रही थी। आनलाइन परीक्षाओं के लिए भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं थे। भविष्य में कई परीक्षाओं को आनलाइन आयोजित करवाया जाना है जिसके लिए कंप्यूटर लैब होना आवश्यक है।विश्वविद्यालय में पेपरलेस कार्य करवाने का प्रयास किया जा रहा है। आनलाइन प्रवेश से लेकर परीक्षा और परिणाम को भी आनलाइन करवाने की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा अध्यापन कार्य के लिए विद्यार्थियों को कंप्यूटर की की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। जिसके लिए आधुनिक सुविधायुक्त लैब बनाई जाएगी। कार्यपरिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया है। लैब की लागत करीब ढाई करोड़ रुपये होगी। आनलाइन लेक्चर, शोध कार्य करने के लिए भी विद्यार्थी इस लैब का उपयोग कर पाएंगे।

**आवश्यकता है**

फैक्टरी में कार्य करने हेतु टैक्नीशियन, हेल्पर, लेबर की आवश्यकता है।

**एच.पी. फूड एण्ड बेवरेज**
**मो. 9425383993, 9893021126, 7987080799**

# एक दिवसीय आयुष्मान शिविर आयोजित



**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा नर्सरी लहरी बाबा आश्रम के पास के क्षेत्रीय जनों हेतु एक बार पुनः आयुष्मान कार्ड का शिविर आस्था सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जन कल्याण हेतु एक दिवसीय आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 52 आयुष्मान कार्ड बनाए गए कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद जी की उपस्थिति रही पार्षद जी का स्वागत समिति अध्यक्ष ने स्मृति चिन्ह देकर किया कार्यक्रम में समिति सदस्यों में अध्यक्ष सोनल सोनी उपाध्यक्ष राजकुमार जाटव सचिव रेनू तिवारी कोषाध्यक्ष रचना वर्मा सह सचिव श्वेता सिंह राजपूत सह कोषाध्यक्ष डॉ अरुणा पाठक सदस्य अक्षर राठौर सभी सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा अंत में समिति द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम का आभार व्यक्त किया

# शैलपर्ण उद्यान में बच्चों ने कागज पर उकेरी आकृति

**जबलपुर यशभारत।** बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए पर्यावरण के बीच पिकनिक का आनंद बच्चों ने शैलपर्ण उद्यान में उठाया। आजादी के अमृत महोत्सव को मनाने के उद्देश्य से यह आयोजन बन्नी एजुकेशन के द्वारा किया गया। बन्नी एजुकेशन जो 2006 से 5-15 साल के बच्चों के लिए यह आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा के अलावा अलावा सहगामी शैक्षणिक गतिविधियां जैसे अबेकस,वैदिक गणित, शतरंज और चित्रकारी में विद्यार्थियों ने हुनर दिखाया। बच्चों ने पर्यावरण की खूबसूरती को रंगों की कूची से कागज पर बड़ी खूबसूरत तरीके से उकेरा। वहीं वैदिक गणित और शतरंज के खेल में भी दिमागी कसरत विद्यार्थियों ने की। इस दौनान विद्यार्थियों को शैल पर्ण उद्यान का भ्रमण कर जबलपुर के बारे में एतिहासिक जानकारी दी। बच्चों ने शैलपर्ण



उद्यान में अपने हुनर और कलात्मकता के द्वारा न केवल च्च्चट्टानों की चित्रकारीज्ज अर्थात् राक पेंटिंग की बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य को अपने भीतर आत्मसात भी किया।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक/ सं.क्र -3/एम/2022-2023/232
अधारताल, दिनांक 1/2/ 23

**-: भवन नामांतरण सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिलीप विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा सभी के पिता स्व. रामदास विश्वकर्मा ने भवन क्र 1749 वार्ड गिरिराज किशोकर कपूर वार्ड भूतल 329 शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र 1749 वार्ड गिरिराज किशोकर कपूर वार्ड गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) रामदास मंगल प्रसाद विश्वकर्मा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभागक 03 रामपुर नगर निगम,**
**जबलपुर**

## भिंड से सीएम शिवराज सिंह ने शुरू की विकास यात्रा

# 397 करोड़ रुपये की 121 योजनाओं का लोकार्पण

**भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड से विकास यात्रा की शुरुआत की। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में के दौरान उन्होंने यहां करीब 397 करोड़ की 121 योजनाओं का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। वहीं, उन्होंने आने वाले समय में दो अहम योजनाओं की घोषणा भी की। इसके अलावा भिंड को सौग़ात देते हुए मुख्यमंत्री ने मंच से जिले में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करने के साथ ही लंबे समय से चली आ रही नगर निगम बनाए जाने की मांग को भी स्वीकार कर लिया।**

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत भिंड जिला मुख्यालय पर एमजेएस ग्राउंड में चंबल संभाग का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया ष्टरू शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की।



कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। वहीं, मंच पर पहुंचे सीएम ने अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि चंबल संभाग में ऐसे अभियान के तहत 38 योजनाओं में करीब तीन लाख 77 हजार लोगों को लाभ मिला है जिसके स्वीकृति पत्र आज वितरित किए जा रहे हैं।

### महिलाओं के खाते में प्रति माह डाले जाएंगे 1000 रुपए

सीएम ने संबोधन के दौरान मंच से लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरुआत की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद अब बहनों के लिए मैंने लाड़ली बहना योजना तैयार की है। इसके तहत प्रति महीना एक हजार रुपये बहनों के खाते में डाले जाएंगे। यह योजना परिवार में अचानक पैसों की जरूरत को देखते हुए बनाई गई है। घर में दूध खत्म हो जाए, सब्ज़ी के लिए पैसों की जरूरत हो, बच्चे की फीस भरनी हो इसके लिए हर महीने अब एक हजार रुपये दिए जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए आने वाली आठ मार्च को महिला दिवस पर शुभारंभ करते हुए फार्म भरने शुरू होंगे। ताकि प्रदेश की सभी बहनों को इसका लाभ मिल सके। इसके लिए सरकार को पांच साल में 60 हजार करोड़ रुपये की जरूरत होगी। हालांकि इस योजना में आठ लाख से कम आय वाले परिवारों को शामिल किया जाएगा। इनमें ऐसे परिवार जो आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, जिनके पास पांच एकड़ जमीन, इनकम टैक्स भरने वाले परिवारों को इस योजना से दूर रखा जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज और नगर निगम की सौगात

सीएम ने भिंड की जानता की मांग पर जिले में मेडिकल कॉलेज और भिंड को नगर निगम बनाए जाने की स्वीकृति की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि जब मेडिकल कॉलेज बनता है तो सिर्फ कॉलेज नहीं बल्कि अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार होता है, लोगों को बीमारियों के इलाज की बेहतर व्यवस्थाएं मिलती हैं।वहीं, नगर निगम बनाए जाने को लेकर भी ष्टरूने मंच से कहा कि भिंड की आबादी के अनुसार यहां अब नगर निगम बनाया जाना चाहिए। जल्द ही अधिकारी इससे संबंधित दस्तावेज़ तैयार करें।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम समाप्ति पर विकास यात्रा के पांच रथों को मंच से ही हरी झंडी दिखाई। साथ ही लोगों से अपील की कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऐसे हितग्राही जो लाभ से वंचित रह गए हैं या जिन्हें सरकारी योजनाओं के अलावा बंटवारे और अन्य तरह की समस्याएं आ रही हैं, वे इन विकास यात्राओं में शामिल जरूर हों।



# भोपाल में मिला हिमालय में रहने वाला दुर्लभ फायर कैप्ट टिट

**भोपाल यशभारत।** भोपाल में इस बार हुई शीतकालीन पक्षी गणना में दुर्लभ पक्षी फायर कैप्ड टिट (रक्तसिर चिचिलकोटे) को चिह्नित किया गया। हिमालय के तराई क्षेत्रों में रहने वाला यह पक्षी 10 सेंटीमीटर का होता है, जो ठंड के दौरान प्रवास पर रहता है।आमतौर पर यह 1800 से 2600 मीटर की ऊंचाई पर अपना घोंसला बनाते हैं। सिर पर लाल निशान के कारण इसे फायर कैप्ड टिट कहा जाता है। इसके अलावा इस बार की गणना में संकटग्रस्त प्रजातियों में सारस क्रेन, पेंटेड स्टार्क, ओरिएंटल डार्टर, अलेक्सेंड्रिन पैराकीट, ब्लैक हेडेड आइबिस भी मिले हैं।वता दें कि शीतकाल में स्थानीय प्रजातियों सहित यूरोप और हिमालय के तराई क्षेत्रों में प्रवास करने वाले 155 प्रजाति के 30 हजार से भी ज्यादा पक्षी भोपाल पहुंचे हैं। यह पक्षी मुख्य रूप से रामसर साइट बड़ा तालाब के आसपास के संरक्षित क्षेत्र में अपना डेरा डाले हुए हैं और ग्रीष्मकाल के पूर्व तक रुकते हैं। मध्य प्रदेश राज्य वेटलैंड अथारिटी, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान और वीएनएस नेचर सेवियर्स के सहयोग से चौथी भोज वेटलैंड शीतकालीन पक्षी गणना का रविवार को समापन हुआ। डा. संगीता राजगीर, मो. खालिक, डा. विपिन धोटे, कृताली चिंदरकर, अंकित मालवीय मुख्य रूप से गणना में शामिल रहे। अंतिम दिन राजभवन के विशेष कर्तत्वयस्थ अधिकारी अरविंद पुरोहित ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस बार के पांच चरणों में आयोजित पक्षी गणना कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार, केरल, असम और कर्नाटक के 210 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कामन पोचार्ड, रेड नेपड आइबिस, नार्थेर्न शोवलर, कामन टील, ब्लैक हेडेड बंटिंग, रेड हेडेड बंटिंग, ब्रह्मिनी शेल्डक, ब्लू थ्रोट, लैसर वाइट थ्रोट, ग्रीन सैंडपीपर, ब्राउन हेडेड गल्ल, ब्लैक हेडेड गल्ल, पर्पल हेरान, लार्ज कोर्मोरेंट, साइबेरियन स्टोन चैट, कामन चिफचैफ, यूरेशियन कूट, स्पाट बिल डक, लैसर व्हिस्लिंग डक, ग्लासी आइबिस, रेड स्टार्ट, कामन स्निप, यूरेशियन रायनेक, ग्रे लेग गूस, इंडियन थिकनी आदि। पक्षी विशेषज्ञ मोहम्मद खालिक ने बताया कि फायर कैप्ट टिट का रहवास मूल रूप से हिमालय की श्रृंखलाओं पर होता है। ग्रीष्म काल में यह समुद्री तल से 1800 से 2600 मीटर की ऊंचाई पर अपने घोंसले तैयार करता है और उसी दौरान प्रजनन भी करता है।

# भोपाल में पुरानी पेंशन बहाल करने कर्मचारियों को प्रदर्शन

**भोपाल , ईएमएस। कांग्रेस शासित राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने के बाद मध्य प्रदेश में भी मांग तेज होती जा रही हैं। रविवार को भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के बैनर तले कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने के लिए एकजुट हुए।**

इसमें प्रदेश सरकार को पुरानी पेंशन बाहल करने के लिए एक माह का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद कर्मचारियों ने दिल्ली तक धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि हम सरकार बदलने का काम करेंगे। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु ने कहा कि सरकार एक माह के अंदर

### सरकार को निर्णय लेने एक माह अल्टीमेटम

पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने का निर्णय लें। यदि सरकार इस समय सीमा में निर्णय नहीं ले पाती है तो फिर कर्मचारी अपना काम करेंगे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया ने कहा कि हमारी एक ही मांग है कि नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के साथ पुरानी पेंशन बहाल की जाए। हम 2017 से इसकी मांग करते आ रहे हैं। लेकिन अब तक सरकार ने इस तरफ कोई कार्रवाई नहीं की है। गांधीवादी तरीके से हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे और हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इसे जरूर लागू करेंगे। भेल दशहरा मैदान पर प्रदेश भर के 25 संगठनों से जुड़े कर्मचारी एकजुट हुए। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक और पीसी शर्मा भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अर्धसैनिक बलों को सबसे पहले पुरानी पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। शर्मा ने कहा कि इस मुद्दे पर कर्मचारी एकजुट हो जाए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम लिखे पत्र में कर्मचारी संगठनों ने मांग की है कि भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए लागू केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम 1972 ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर 1 जनवरी 2004 के बाद सरकारी सेवा में नियुक्त केंद्रीय कर्मचारियों, अधिकारियों पर नेशनल पेंशन स्कीम एनपीएस लागू की है। जो पूरी तरह शेयर बाजार पर आधारित, जोखिम भरा और असुरक्षित है। जिसमें निश्चित पेंशन व परिवार पेंशन नहीं है।



# डूब क्षेत्र के बदले वनीकरण के लिए वन विभाग को दी 5,483 हेक्टेयर भूमि

**भोपाल,यशभारत।** उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की प्यास बुझाने वाली बहुप्रतीक्षित केन-बेतवा लिंक परियोजना का काम एक कदम और आगे बढ़ा है। बांध के डूब क्षेत्र में आ रही भूमि के बदले 5,483 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को सौंप दी है। यह पार्क के नजदीक की राजस्व भूमि है। जिसमें अभी 21 गांव हैं। पन्ना और छतरपुर जिलों की इस भूमि का वन विभाग के नाम पर नामांतरण कराया जाएगा और फिर पौधा रोपण की योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ ही दौधन बांध के निर्माण को लेकर वन विभाग की अनुमति मिलने का रास्ता भी साफ हो गया है। परियोजना में पन्ना टाइगर रिजर्व की छह हजार 17 हेक्टेयर भूमि डूब रही है। इसमें 4141 हेक्टेयर भूमि कोर एरिया की है। ऐसे में पार्क के वन्यप्राणियों को दूसरे स्थान पर सुरक्षित बसाने के लिए कोर एरिया को विस्तार देने की योजना है। इसके लिए पार्क से सटे 21 गांवों को विस्थापित किया जाएगा। इनमें सात गांव पन्ना और 14 गांव छतरपुर जिले के हैं। दोनों जिलों के कलेक्टरों ने इन गांवों की संपत्ति का सर्वे पूरा कर रिपोर्ट सौंप दी है और जल संसाधन विभाग ने वन विभाग को भूमि सौंपने की औपचारिकता भी पूरी कर दी है। अब भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआइआइ) लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान बनाएगा। जिसमें तय होगा कि हाल ही में मिली भूमि पर कहां, कितने और किस प्रजाति के पौधे रोपे जाएंगे।

### पौधारोपण के लिए राशि भी मिलेगी

जल संसाधन विभाग इस भूमि पर पौधारोपण के लिए पहले ही तीन सौ करो? रुपये दे चुका है। लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान आने के बाद पता चलेगा कि कितनी राशि की और जरूरत है। अंतर की राशि मिलने के बाद वन विभाग परियोजना की अनुमति देगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय की देखरेख में परियोजना पूरी होगी।

# मध्य प्रदेश में वर्ष 2025 में शुरू होंगे छह मेडिकल कालेज

### बढ़ेंगी एमबीबीएस की 900 सीटें

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में वर्ष 2025 से छह नए मेडिकल कालेज शुरू करने की तैयारी है। इन कालेजों में एमबीबीएस में प्रवेश की स्वीकृति के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की ओर से जुलाई, 2024 में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को आवेदन किया जाएगा। यहां से स्वीकृति मिली तो सभी कालेजों में मिलाकर एमबीबीएस की 900 सीटें बढ़ जाएंगी। हर कालेज में 150 सीटें होंगी। इसके पहले वर्ष 2024 से सतना में मेडिकल कालेज शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए एनएमसी को आवेदन किया जा चुका है। बता दें, केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में इन कालेजों को खोलने की अनुमति दी थी। हर कालेज के लिए 325 करोड़ रुपये का बजट है। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र और बाकी राज्य सरकार को मिलाना है। नए कालेज खोलने के लिए भवन बनाने की शुरुआत इसी वर्ष से होगी, जिससे अगले वर्ष दिसंबर तक यह पूरा हो सके। पहले 2023-24 यानी इसी सत्र से ही कालेज शुरू करने की तैयारी थी, पर कोरोना संक्रमण की वजह से भवन निर्माण समेत अन्य कार्यों में देरी हुई। भवन में अभी सिर्फ एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के बैठने की जगह चाहिए, इसलिए पूरा भवन नहीं बना तो भी दिक्कत नहीं आएगी। इन जिलों के जिला अस्पताल ही मेडिकल कालेज अस्पताल के तौर पर काम करेंगे।

# बीमार श्वान के इलाज में देरी पर भड़का युवक डाक्टर और कर्मचारियों से की अभद्रता

**भोपाल, यशभारत।** जहांगीराबाद के पशु चिकित्सालय में रविवार दोपहर में एक युवक ने डाक्टर और पशु चिकित्सालय के कर्मचारी से अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दे दी। वह अपने बीमार श्वान को लेकर अस्पताल आया था और समय पर डाक्टर ने उपचार करना शुरू नहीं किया तो वह भड़क गया और डाक्टरों को गालियां देना शुरू कर दी। बाद में अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और डाक्टर की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा और धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तारी का नोटिस देकर उसे जाने दिया। यह राजधानी का पहला मामला है, जब इस तरह से श्वान के इलाज में डाक्टर से अभद्रता की गई है, जबकि पहले सामान्य अस्पतालों में ऐसे मामले आने आम बात है।



जहांगीराबाद थाना पुलिस के मुताबिक हबीबगंज के श्याम नगर में रहने वाला रोहन यादव निजी काम करता है। उसके पास एक विदेशी नस्ल का श्वान है। वह कुछ दिनों से बीमार था, वह अपने साथियों के साथ उसे लेकर पुरानी जेल पहाड़ी के पास बने पशु चिकित्सालय लेकर गया था। जहां पर काफी भीड़ थी। डाक्टर को उसके श्वान का स्वास्थ्य परीक्षण करने में समय लग रहा था। इस पर रोहन को गुस्सा आ गया और उसने अस्पताल में हंगामा मचाना शुरू कर दिया। डाक्टर और बाकी अस्पताल के स्टाफ ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन रोहन नहीं रूका और उसने अस्पताल में सामान भी तोड़फोड़ कर दी और श्वान को भी अस्पताल स्टाफ पर काटने के लिए छोड़ने की कोशिश की। हंगामा होने पर अस्पताल से किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।

# पेड़ से टकराकर नाले में गिरी कार, एमबीबीएस छात्र की मौत

**भोपाल यशभारत।** राजधानी के खजूरी सड़क थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराने के बाद नाले में जा गिरी। कार में पानी भर जाने के कारण कार चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक इंदौर का रहने वाला था और भोपाल में रहकर एक निजी मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।खजूरी सड़क थाने के एसआइ ओंकार सिंह ने बताया कि 34 वर्षीय भवभूति मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा मूलत~निपानिया, इंदौर के रहने वाले थे। वह भोपाल स्थित चिरायु




मेडिकल कालेज में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। शनिवार सुबह वह इंदौर से अपनी कार से भोपाल आ रहे थे। जब वह ग्राम कोलूखेड़ी के पास से गुजर रहे थे, तभी टीआरआर होटल के सामने अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराई। इसके बाद कार पलटकर नाले में चली गई। नाले में काफी पानी भरा हुआ था। कार का अगला हिस्सा पानी में पूरी तरह डूब गया था। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन तक तक काफी देर हो चुकी थी। ट्रैक्टर से खींचकर कार को पानी से बाहर निकाला गया। भवभूति की पानी में दम घुट जाने के कारण मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। स्वजन शव लेकर वापस इंदौर के लिए रवाना हो गए।

# पिता की मौत के 9 माह बाद मप्र की बुसरा ने दौड़ में जीता गोल्ड, मुआवजे के पैसे से खरीदे थे स्पाइक

**भोपाल यशभारत। भोपाल में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में सीहोर की 18 वर्षीय बुसरा खान ने पिता की मौत के 9 माह बाद 3000 मीटर दौड़ में गोल्ड और 1500 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीता है। बुशरा के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं।**




यहीं कारण है कि बुसरा को अपनी प्रैक्टिस के लिए मजबूरी में पिता की मौत के बाद मिले मुआवजे से स्पाइक खरीदने पड़े। उसने अपने पदक पिता को समर्पित किये। बुसरा खान का परिवार सीहोर में रहता हैं। उसके परिवार में मां शहनाज गौरी और दो छोटी बहनें 12 और 16 साल की हैं। बुसरा के पिता की मई 2022 में सीहोर में एक कैमिकल फैक्ट्री में ब्लॉस्ट होने से मौत हो गई थी। परिवार पिता के साथ फैक्ट्री में सर्वेंट क्वार्टर में रहता था, लेकिन हादसे के बाद परिवार को सीहोर में किराये के मकान में रहने आना पड़ा। बुसरा ने बताया कि वह भोपाल में एकेडमी में रहती है। उसका घर पिता की मौत के बाद मिले चार लाख रुपए मुआवजे से चल रहा है। वह भी अब खत्म हो रहा हैं। उसे नहीं पता कि आगे क्या होगा। उसका कहना है कि वह देश के लिए खेलकर पदक जीतना चाहती हैं।

### सरकार परिवार की मदद करें

बुसरा के कोच एसके प्रसाद ने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हैं। हम लोग परिवार को राशन की थोड़ी बहुत मदद कर देते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण वह मानसिक दबाव में रहती है। उसे सरकारी मदद की बहुत आवश्यकता हैं। हालांकि खेल मंत्री परिवार की मदद कर रही हैं।

### 11 साल की उम्र से शुरू की प्रैक्टिस

बुसरा ने बताया कि उसे बचपन से ही दौड़ने का शौक हैं। वह घर में खूब भागती दौड़ती थी। इसलिए उसकी मां उसे बचपन में रस्सी से बांध कर रखती थी। स्कूल में दौड़ की प्रतियोगिता में भाग लेने पर उसे टीचर्स ने स्पोर्ट्स में कैरियर बनाने को कहा। इसके बाद उसने 11 साल की उम्र में सीहोर में एकेडमी ज्वाइंन कर अभ्यास शुरू किया।

### सरकार से मदद की गुहार

बुसरा की सरकार से मांग है कि उसके परिवार को भी सरकार मकान बनाने के लिए जमीन और आर्थिक मदद उपलब्ध्ध करा दें। जिससे वह मानसिक दबाव के बिना खेल पर अपना ध्यान लगा सकें।

### बुसरा ने यह पदक जीतें

-2019 के नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 2000 मीटर 6 मिनट 24.71 सेकंड में दौड़ कर स्वर्ण जीता और बालिकाओं के अंडर-16 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।-2021 में नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर 4 मिनट 53 सेकंट में दौड़कर स्वर्ण जीता।- 2023 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 में भोपाल में 1500 मीटर 4 मिनट 44.39 सेकंड में दौड़ कर रजत पदक जीता। वहीं, 3000 मीटर 10 मिनट 4.29 सेकंड में दौड़कर स्वर्ण पदक जीता।

# संत रविदास के चरणों में नमन के साथ विकास यात्रा का शंखनाद

## शहर में सांसद, ग्रामीण क्षेत्रों में विधायकों और जिला पंचायत प्रतिनिधियों ने की यात्रा की शुरुआत



**जबलपुर यशभारत।** संत रविदास जयंती समारोह के साथ जिले में 21 दिवसीय विकास यात्राओं का रविवार को शुभारंभ हुआ। जिले में आठ स्थानों से विकास यात्राएं शुरू की गई। सांसद राकेश सिंह की मौजूदगी में शहर की चारों विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रा का आयोजन हुआ। सांसद सिंह ने संत रविदास द्वारा समाज को जोड़ने के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक वंचित का उत्थान और उसे विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। समाज का कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए, इसी को ध्यान में रखते हुए शासन-प्रशासन की ओर से जिले में विकास यात्राओं का शुभारंभ किया गया है। जिले के प्रत्येक गांव, नगर, वार्ड, मोहल्ले एवं बस्तियों में यात्रा निकालकर नागरिकों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा।भाजपा नगर अध्यक्ष श्री प्रभात साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जबलपुर के कार्यकर्ता विकास यात्रा में समन्वय बनाकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं और प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों को सम्मानित कर अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहे हैं विकास यात्रा सुचारू रूप से संचालित हो सके इस हेतु भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड जनता के बीच जाकर काम कर रहे हैं।
केंट विधानसभा में सांसद सिंह और विधायक अशोक रोहाणी ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा शुरू की। विधायक रोहाणी ने लगभग 12 किलोमीटर पैदल चलकर लोगों से संवाद किया। चार स्थानों पर चौपाल भी लगाई। सवा दो करो? रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और हितलाभों का वितरण किया। ला?ली लक्ष्मी योजना के तहत 15 बेटियों को प्रमाण पत्र और 40 स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण प्रदान किए। एसडीएम रांझी कलावती ब्यारे और तहसीलदार मुनव्वर खान मौजूद रहे। उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र में सांसद सिंह ने राम मनोहर लोहिया वार्ड में संत रविदास की पूजा-अर्चना कर विकास यात्रा का शुभारंभ किया। सांसद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की गूंज सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सुनाई दे रही है। डेढ़ करोड की लागत से तीन सडकों का भूमिपूजन भी किया। लोगों को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री शरद जैन, पूर्व महापौर प्रभात साहू, आशीष दुबे, अखिलेश जैन, पंकज दुबे क्षेत्र आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार पूर्व विधानसभा क्षेत्र के राधाकृष्णन वार्ड से विकास यात्रा का शुभारंभ हुआ। सांसद ने इस दौरान लोगों को भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य सरकार उनके उत्थान के लिए सतत प्रयासरत हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्रों का वितरण और सफाई संरक्षक का सम्मान किया। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा की शुरूआत ग्वारीघाट स्थित संत रविदास आश्रम से की गई। इस दौरान 23 विद्यार्थियों को जाति-प्रमाण बांटे गए। नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, अभिलाष पांडे, एसडीएम दिव्या अवस्थी व जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी निकाली यात्रा

मझौली-पाटन विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई ने विकास यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्ना गांवों में पहुंचकर लोगों को भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य सरकारें आम आदमी के जीवन स्तर में उत्थान का हर संभव प्रयास कर रही हैं। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक नंदनी मरावी ने स्वामित्व योजना के तहत 111 भू-अधिकार अभिलेखों और 16 जाति प्रमाण पत्रों का वितरण किया। पनागर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सुशील इंदू तिवारी की उपस्थिति में विकास यात्रा शुरू हुई। इससे पूर्व बरेला में जन चौपाल लगाकर नगर परिषद के 317 हितग्राहियों को विभिन्ना योजनाओं से लाभांवित कराया। विधायक ने 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। बरगी विधानसभा में जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े ने विकास यात्रा के दौरान श्रमिक कार्डों का वितरण किया। पड़ुआ ग्राम पंचायत में महिला स्वसहायता समूह का संवाद कार्यक्रम हुआ। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा सिंह समेत कई नेता व अधिकारी मौजूद रहे।

## आज होगा पूज्य शंकराचार्य जी का आगमन



**गोटेगांव, यशभारत।** अनंत श्री विभूषित द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज अपनी गुजरात यात्रा संपन्न कर कल 12ः00 सोमनाथ जबलपुर एक्सप्रेस से श्रीधाम स्टेशन आगमन हो रहा है जहां पर शंकराचार्य शिष्य मंडल द्वारा पूज्य शंकराचार्य जी की भव्य अगवानी की जाएगी अतः सभी गुरु शिष्य परिवार से आगवानी हेतु 12ः00 बजे श्रीधाम स्टेशन पहुंचने की अपील शंकराचार्य शिष्य मंडल द्वारा की गई है साथ ही आप सभी गुरुभक्तों को यह अवगत कराते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है की अनन्तश्री विभूषित द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं अनंत श्री विभूषित ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरान्द सरस्वती जी महाराज आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मरुषि रामकृष्णानंद जी महाराज ब्रह्मचारी सुबुधानंद जी महाराज के कर कमलों से दिनाक 10 फ़रवरी को प्रातः 7ः30 बजे श्री शंकराचार्य समाधि मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन होगा !

## सिलावट संघ ने मनाई सन्त रविदास जयंती



**गोटेगांव, यशभारत।** -नरसिंहपुर जिले की उत्कृष्ट तहसील गोटेगांव के नया बाजार रविदास जी महाराज अमर रहें एवं सन्त रविदास जी की जय के साथ नगर गोटेगांव में आज 5 फरवरी को महान संत रविदास जी महाराज की जयंती जिला सिलावट संघ के तत्वावधान में मनाई गई।इस अवसर पर सन्त रविदास जी महाराज के तैल चित्र पर जिला सिलावट संघ के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर परसवार ने उनका पूजन अर्चन किया तिलक लगाकर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुन्य स्मरण किया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सन्त रविदास जी महाराज के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनकी किवदंतियों को याद किया।इस कार्यक्रम में जिला सिलावट संघ के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर परसवार सहित सभी स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

# 100 दिन में सिहोरा जिला वर्ना जिला नही तो वोट नही अभियान

## सिहोरा जिला आंदोलन के लिए व्यापक आंदोलन की घोषणा



जिला पंचायत सदस्य ने धरने में पहुँच दिया समर्थन

**सिहोरा यशभारत।** लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपने आंदोलन के 70 वें रविवार को नगर के प्रत्येक समाज के सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध जनों को धरना स्थल पर ही बैठक हेतु आमंत्रित कर सिहोरा को जिला बनाने की एक व्यापक रणनीति पर चर्चा की। 2 घंटे तक चली इस बैठक के बाद समिति ने घोषणा की कि आगामी 9 अप्रैल को सिहोरा मझौली,ढीमरखेड़ा, सिलोंडी,बचैया,खमतरा बहोरीबंद के समस्त नागरिकों के साथ एक विशाल आंदोलन सिहोरा में किया जाएगा। इससे पूर्व प्रत्येक ग्राम एवं प्रत्येक विकासखंड स्तर पर आंदोलन की घोषणा भी की गई है।समिति ने जिला न बनने पर जिला नही तो वोट नही अभियान का भी ऐलान किया।चल रहे धरने में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 की सदस्य सुश्री एकता ठाकुर ने पहुँचकर सिहोरा जिला की मांग का समर्थन किया।

**ऐसा होगा चरणबद्ध आंदोलन-** लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा घोषित आंदोलन इस प्रकार है- मझौली से सिहोरा ग्राम पदयात्रा 12 फरवरी, बाकल से सिहोरा ग्राम पदयात्रा 19 फरवरी , 5 फरवरी से 25 फरवरी तक सिहोरा की समस्त 60 ग्राम पंचायतों में भ्रमण, 26 फरवरी को संपूर्ण सिहोरा विकासखंड के सरपंच ,जनपद सदस्य, और जिला पंचायत सदस्यों का एक विशाल सम्मेलन सिहोरा मे स्लीमनाबाद में आमसभा 5 मार्च ,बचैया में आमसभा 12 मार्च खमतरा में सभा 19 मार्च 9 अप्रैल को संपूर्ण सिहोरा,मझौली,ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद की जनता के साथ सिहोरा में महारैली

जिला नही तो वोट नही अभियान-- इसके बाद भी यदि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सिहोरा जिला मुद्दे पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो 10 अप्रैल 2023 से घर-घर दस्तक देकर जिला नहीं तो वोट नहीं अभियान व्यापक रूप में चलाया जाएगा।

**मझगवां और गांधीग्राम नगरपंचायत बने--** लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने एक बार फिर मझगवां और गांधीग्राम के नगरपंचायत बनाने की मांग दोहराई।समिति ने मझगवां के नागरिकों द्वारा इसकी पहल किये जाने को पूर्ण समर्थन दिया।समिति ने गांधीग्राम के वाशिन्दों को भी आगे आने की अपील की।

धरना स्थल पर समिति के सिलोंडी से पधारे मनमोहन राय, गणेश पटेल,रामनरेश यादव,ललित मिश्रा,सियोल जैन,मानस तिवारी,रामजी शुक्ला,अनिल जैन,नागेन्द्र कुररिया,रामलाल साहू,कृष्ण कुमार कुररिया,नत्थू पटेल,विकास दुबे,सुशील जैन,अनिल कुररिया,अजय कुमार,गुड्डू कटैहा,गौरीहर राजें सहित अनेक सिहोरावासी मौजूद रहे।

## लीनेएस क्लब एवरग्रीन द्वारा नि :शुल्क नेत्र शिविर

**जबलपुर, यशभारत।** लीनेएस क्लब एवरग्रीन द्वारा विराट नेत्रालय में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित हुआ ।जिसमे नेत्र विशेषज्ञ डा. मनीला खत्री ने मशीन द्वारा नेत्र परीक्षण किया और नेत्रों की जांचकर चश्मे का नंबर भी दिया ।इसके अलावा जिनको नेत्रों में अन्य समस्याएं थीं उनकी भी जांच की गई और संबंधित दवाइयां डॉक्टर की ओर से दी गई। लीनेएस क्लब एवरग्रीन की ओर से डा मनीला खत्री का सम्मान माला एवम स्नेहिल उपहार देकर किया गया अंत में अध्यक्ष अर्चना विद्यार्थी ने आभार प्रकट किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ली अर्चना विद्यार्थी,सचिव ली सुनीता जैन, पूर्व एरिया ऑफिसर ली डा संध्या जैन ,पूर्व अध्यक्ष ली रीता सिंघई ,ली मधु जैन ,ली राजकुमारी जैन,ली विमला जैन ,ली रीता चौधरी ,ली बबिता जैन,ली आरती जैन, ली मीना जैन ने विशेष सहयोग दिया।



# सामाजिक सरोकारों में रेलवे महिला कल्याण संगठन का है सराहनीय योगदान



**जबलपुर यशभारत/** महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, रेल कर्मचारियों के परिवारों के प्रति सामाजिक सरोकारों को निभा रहा है साथ ही बेसहारा, निराश्रित, गुमशुदा, निस्सहाय और अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। विगत कई सालों से जागृति बाल केंद्र का संचालन पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा किया जा रहा है। जागृति बाल गृह में 6 से 18 वर्ष तक के बालक रहते है। संस्था में बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए आवास, भरण-पोषण, शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इन सभी बालकों को अच्छी शिक्षा हेतु स्कूलों में दाखिला दिलाया गया है। जागृति बालगृह में बालकों के लिए बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उनके लिए शिक्षकों, योग प्रशिक्षक, काउंसलर, लायब्रेरी, स्मार्ट क्लास, स्पोकन इंग्लिश, शतरंज, टाइपिंग, शार्टहैंड, टैली एवं ऑनलाइन क्लास हेतु कंप्यूटरों की व्यवस्था की गई है। इन बालकों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हे समाज में बेहतर स्थान दिलाने एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित इस केंद्र में वर्तमान में 22 बच्चे रह रहे हैं। केन्द्र में बना भोजन ही बच्चों को दिया जाता है। संस्था का 1 पूर्व बालक टेली अकाउटेंट के पद पर कार्यरत है और 1 बालक होटल मैनेजमेंट संस्था में अध्ययनरत है। जगृति बाल केंद्र के अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा लोगों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खान-पान प्रदान करने के उदेश्य से आपकी रसोई का संचालन भी किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर उपलब्ध कराये जाते हैं।

### आपकी रसोई में कार्यरत बेटी का होगा विवाह

महिला संगठन द्वारा जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आपकी रसोई में कार्यरत एक साधारण परिवार की बेटी की संगठन की महिलाओं द्वारा घर गृहस्थी की बुनियादी जरूरतों का पूरा ध्यान रखते हुए आर्थिक सहयोग राशि एवं सामान देकर उसकी गृहस्थी बसाने के लिए सभी सदस्याओं द्वारा प्रयास किया।

## बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के संबंध में आरपीएफ का जागरूकता अभियान



**जबलपुर यशभारत/**रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखते हैं। पश्चिम मध्य रेलवे, आरपीएफ द्वारा जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीस घंटे सतत् ड्यूटी की जा रही है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन आहट अभियान के तहत बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया ।
ऑपरेशन आहट के तहत रेल सुरक्षा बल पोस्ट कटनी के उप निरीक्षक सुरभि ठाकुर, आवाज जन कल्याण संस्था (चाइल्ड लाइन) की सदस्य श्रीमती कल्पना द्विवेदी, श्री नितिन एवं जीआरपी कटनी और अन्य कटनी स्टॉफ के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन कटनी के सर्कुलेटिंग एरिया मे बचपन बचाओ पतंग उड़ाओ एवं ऑपरेशन आहट अभियान चलाकर आने-जाने वाली गाड़ियों तथा स्टेशन के यात्रियों को उक्त जागरूकता अभियान के संबंध मे समझाईश दी गयी कि यात्रा के दौरान, कोई बच्चा बीमार और अकेला हो, किसी बच्चे को आश्रय की जरूरत हो, कोई बच्चा छोड़ दिया गया हो या गुम हो गया हो, किसी बच्चे का शोषण हो रहा हो या पिट रहा हो या अन्य किसी प्रकार ग्रसित हो तो इस प्रकार के बच्चों की जानकारी आरपीएफ व चाईल्ड लाईन के हेल्प लाईन नं. 1098 पर भी सूचित किया जाये। जिससे उक्त बच्चे का रेस्क्यू किया जा सके/

# जिला कांग्रेस की बैठक में भावी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा




नरसिंहपुर यभाप्र। बीते दिवस होटल अमर पैलेस में जिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक में अनेक निर्णय लेकर भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई साथ ही कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठे विभागों और ब्लाक अध्यक्षों से अतिशीघ्र कार्यकारिणी बनाने के लिये कहा गया। बैठक में ब्लाकवार पार्टी की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में होशंगाबाद से आये नरसिंहपुर जिला कांग्रेस के सहप्रभारी रवि जायसवाल ने प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त निर्देशों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।
इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोटेगांव विधायक एनपी प्रजापति एवं तेंदूखेडा विधायक संजय शर्मा ने संगठन के विस्तार पर जोर देते हुये सभी पदाधिकारियों से कर्मठता और सक्रियता से कार्य करने की अपेक्षा की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि वे संगठन को समन्वय और सामंजस्य बनाकर चलायेंगे और जहां जिस पदाधिकारी और कार्यकर्ता को उनकी आवश्यकता होगी वहां वे हर स्तर पर सहयोग करेंगे। जिला संगठन मंत्री संदीप पटैल ने संगठन की संपूर्ण रूपरेखा की जानकारी देते हुए जिले के सभी प्रकोष्ठों विभागों और ब्लाक अध्यक्षों से व्यक्तिगत रूप से उनके क्षेत्र में पार्टी संगठन की जानकारी ली और कहा कि सभी को सक्रियता से कार्य करना होगा किसी भी प्रकार की लापरवाही, निष्क्रियता और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जावेगी जिसे जो दायित्व दिये गये हैं उन्हें हर हाल में समय पर करना होगा।
बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत का स्वागत सम्मान किया गया। उक्त मौके पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, शेखर चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष लाखन सिंह पटैल, दीवान शैलेन्द्र सिंह, महेन्द्र पटैल, प्रीति मिश्रा आदि ने भी बैठक को संबोधित किया उक्त मौके पर समस्त प्रकोष्ठो, विभागों एवं ब्लाकों के अध्यक्ष मौजूद थे।

## गिरधारीलाल ग्रोवर स्मृति ब्रिज प्रतियोगिता संपन्न



**जबलपुर।** नर्मदा क्लब में विगत दिवस ब्रिज कार्ड गेम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय स्तर के ब्रिज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। क्लब के डायरेक्टर अंकित ग्रोवर द्वारा अपने दादाजी स्वर्गीय गिरधारी लाल ग्रोवर की स्मृति में आयोजित उक्त प्रतियोगिता के विजेताओं को अंकित ग्रोवर ने ट्रॉफी और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। ब्रिज कार्ड गेम्स का यह आयोजन राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सहभागिता के कारण बेहद सफल रहा। ब्रिज में रुचि रखने वाले भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## गोसलपुर में ब्लाक यूथ कांग्रेस की बैठक आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** रविवार को गोसलपुर ब्लॉक में यूथ कांग्रेस की बैठक संपन्न हुई जिसमे सिहोरा विधानसभा प्रभारी और जिला पंचायत सदस्य सुश्री एकता ठाकुर विधानसभा अध्यक्ष राहुल पांडे , मुकेश तिवारी , उपाध्यक्ष सैंकी चौरसिया , जिलामहासचिव सतेंद्र पांडे , विधानसभा सचिव जैकी दुबे, विनोद चक्रवर्ती, राजा साहू और ब्लाक कार्यकारी अध्यक्ष मोहित पटैल की उपस्थिति रही। जिसमे यूथ जोडो बूथ जोडो अभियान की विस्तार पूर्वक चर्चा हुई जिसमे अशोक यादव, आयुष तिवारी, संदीप, संजय पटेल, जय चौधरी, अखिलेश पटेल, शिवम साहू, मिथुन चौधरी, शुभम, सागर पटेल, पंकज पटेल, मोहित, अमन, इरफान खान, अरुण साहू, प्रिंस, आकाश, विकास, निक्की और युवा कांग्रेस के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# एम.आई.एम.टी. कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**नरसिंहपुर यभाप्र।** स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन एम.आई.एम.टी. कॉलेज, नरसिंहपुर में किया गया। सेमिनार का आयोजन प्राध्यापक डॉ. के. एल. साहू, की अध्यक्षता में किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. स्वाति चांदोरकर प्राध्यापक अंग्रेजी, एवं डॉ. राजेश ठाकुर सहा. प्राध्यापक स्वामी विवेकानन्द स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर , प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. अशोक कुमार गर्ग एवं संयोजक मेजर पराग नेमा विभागाध्यक्ष कला एवं समाज कार्य विभाग ने निर्धारित विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुये डॉ. के. एल. साहू ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही महिलाओं का भारतीय संस्कृति पर प्रभुत्व रहा है जो मध्यकाल एवं आधुनिक काल मे भी निरंतर जारी रहा । कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. स्वाति चांदोरकर ने भारत की वीरांगनाओं की गाथा का वर्णन करते हुए रानी लक्ष्मीबाई, कस्तूरबा गाँधी, कमला नेहरू, बेगम हजरत महल आदि को समाहित करते हुए सारगर्भित उद्बोधन दिया । विषिष्ट वक्ता डॉ. राजेष ठाकुर ने स्वाधीनता संग्राम में वर्णित महत्वपूर्ण महिला पात्रों और उनके योगदान को रेखांकित किया।
प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने स्वागत उद्बोधन सेमिनार के विषय की प्रासंगिकता सहित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कपिलदेव मिश्र एवं इंजी. रूद्रेश तिवारी, चेयरमेन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के शुभकामना संदेष का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक आराधना दुबे एवं आभार विभागाध्यक्ष मेजर पराग नेमा द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीपप्रज्जवल से किया गया। छात्रा दिया कुशवाहा द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन किया गया। सेमिनार को सफल बनाने में आयोजन सचिव डॉ. प्रमिला कुषवाहा, आयोजन समिति के सदस्य सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन, अरविन्द कुशवाहा एवं आई.टी. ऑफीसर मो. आरिफकुरैशी की विषेष भूमिका रहीं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, स्टॉफमेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# श्री शिवमहापुराण जून में

**जबलपुर यशभारत।** पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वालों की शिवमहापुराण का आयोजन 01 जून से 07 जून तक ग्वारीघाट में आयोजित है। आयोजन के संबंध में रांझी में गोकलपुर सामुदायिक भवन एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड ग्रीन सिटी में श्री शिवमहापुराण कथा के संबंध में बैठक पं. पुरूषोत्तम तिवारी मुख्य यजमान एवं राष्टीय अध्यक्ष इंडियन पीपुल्स पार्टी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें शिवमहापुराण को भव्य दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए वक्ताओं ने अपने अमूल्य सुझाव प्रदान किये और षिव भक्तों ने संकल्प लिया की संस्कारधानी की गौरव और गरिमा के अनुसार हम सब मिलकर शिवमहापुराण का आयोजन करेंगे। बैठक में श्रीमति रितु यादव पार्षद, श्रीमति ज्योति रैकवार, राजेश यादव पूर्व पार्षद, पं. संदेष महाराज, श्रीमति नीता मिश्रा, ओ.पी.बिल्थरिया, कार्तिक पाण्डेय, दीपा कुशवाहा, रत्ना रैकवार, आषीष सिंह ढाकुर, श्रीमति पूर्णिमा दीवान, इन्द्र कुमार अग्रवाल, दिव्या यादव, सुनील रैकवार, नयना दीक्षित, राजेन्द्र शर्मा, सोनू विश्वकर्मा, पंकज तिवारी, आरती तिवारी, आयुष साहू, सुनील कुमार रैकवार, शिवा लौधी आदि ब?ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की नगरीय निकायों की समीक्षा

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा शनिवार को नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, अमृत 1.0, 10 लाख से अधिक के कार्य, वेस्ट कलेक्शन रिपोर्ट, हॉकर्स जोन, चौक सौंदर्यीकरण, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की समीक्षा की। नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना फेज 3 अंतर्गत नरसिंह तालाब के पास सीसी रोड, पेवर ब्लॉक, ग्रील एवं फेब्रीकेशन का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के अंतर्गत जीयो टैगिंग का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने एवं आवासों की किस्त हितग्राहियों के खातों में अंतरित करने निर्देशित किया। समीक्षा में उन्होंने पाया कि गोटेगांव, करेली, सांईखेड़ा एवं सालीचौका में उक्त कार्य संतुष्टिजनक नहीं है। नगरीय निकायों के द्वारा राजस्व वसूली में कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 40 प्रतिशत की वृद्धि हो। नगरीय निकायों के अंतर्गत अतिक्रमण युक्त भूमि मुक्त कराकर वहां मियावाकी पौधरोपण, गार्डन, जलाशय आदि विकसित करने के निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की कार्रवाई में संबंधित एसडीएम, सीएमओ एवं पुलिस विभाग का अमला संयुक्त रूप से मौजूद रहें। नगरीय निकायों में सघन पौधरोपण कार्य हो। साथ ही अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि पर पाथ. वे तैयार किया जाये। इसके अलावा निर्माण कार्यों के अंतर्गत डिवाइडर पर फूल के पौधे तैयार कर आदि रोपित किये जायें, जिससे डिवाइडर आकर्षक एवं सुसज्जित नजर आयें। हॉकर्स कॉर्नर की नगर पालिका तेंदूखेड़ा में पूर्ण हो चुका है, जबकि गाडरवारा में उक्त कार्य प्रस्तावित है। वहीं नगर पालिका परिषद गोटेगांव में नया बाजार हॉकर्स जोन प्रस्तावित किया गया है। चौराहों के विकास के लिए नगरीय निकायों में उक्त कार्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा नगरीय निकायों द्वारा वेस्ट कलेक्शन का भी कार्य किया जा रहा है। सफाई वाहन प्रतिदिन समय पर डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन सुनिश्चित करें। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तेंदूखेड़ा का जिक्र करते हुए कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि उक्त प्लांट बेहतर तरीके से संचालित किया जा रहा है, अन्य नगरीय निकाय भी इसी के अनुरूप ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन सुनिश्चित करें।

# एथलेटिक्स में मप्र का जोरदार प्रदर्शन

## अंतिम दिन दो स्वर्ण सहित जीते पांच पदक



***भोपाल,यशभारत। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्य प्रदेश के एथलीटों ने जोरदार प्रदर्शन किया, अंतिम दिन मप्र ने दो स्वर्ण व तीन कांस्य सहित पांच पदक जीते। शिवकन्या और अजीत कुमार ने स्वर्ण पदक तथा अभय सिंह, अभिषेक कुमार मोर्य व एकता प्रदीप डे ने कांस्य पदक जीते। एथलेटिक्स में मप्र ने छह स्वर्ण, तीन रजत व पांच कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। एथलीटों के शानदार प्रदर्शन से मप्र ने 21 स्वर्ण, 13 रजत व 19 कांस्य सहित कुल 52 पदकों के साथ पदक तालिका में तीसरा स्थान बरकरार है।तात्या टोपे नगर स्टेडियम पर आयोजित एथलेटिक्स चैपियनशिप में 12 फाइनल मुकाबले आयोजित हुए। बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में मप्र की शिवकन्या मुकाती ने स्वर्ण पदक जीता, हरियाणा की तमन्ना न ने रजत व केरल की मेघना एस ने कांस्य पदक जीता। बालकों की 200 मीटर दौड़ में मप्र के अभय सिंह ने भी कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में तमिलनाडु के वरुण ओरी मनोहर ने स्वर्ण व उत्तरप्रदेश के मंगल कुमार यादव ने रजत पदक जीता। बालक वर्ग के 800 मीटर दौड़ में मप्र के आदर्श कुमार मोर्य ने प्रदेश को कांस्य पदक दिलया। इस इवेंट में राजस्थान के शकील ने हरियाणा के सोमनाथ चौहान ने रजत पदक जीता। बालक 2000 स्टीपल मीटर चेस में मध्य प्रदेश के अजित कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।***

इस इवेंट में हरियाणा के सुमित राठी ने रजत व उत्तराखंड के सोहेल बेग ने कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग की 2000 मीटर स्टीपल चेस में मध्य प्रदेश की एकता प्रदीप डे ने कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में दिल्ली की सोनम ने भारी अंतर से स्वर्ण व तेलंगाना की चेरापल्ली कीर्ताना ने कांस्य पदक जीता।

दो और राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड टूटे गए

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दो और राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड गिरे और दोनों टी.टी. भोपाल में नगर स्टेडियम, जहां ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताएं हो रही हैं। सबसे पहले, दिल्ली की सोनम ने लड़कियों के 2000 मीटर स्टीपलचेज में रिकॉर्ड तोड़ा, 6.45.71 मिनट के समय के साथ समाप्त किया और फिर बाद में लड़कों के शॉट पुट फाइनल में, राजस्थान के सिद्धार्थ चौधरी ने लोहे की गेंद को 21.04 मीटर की दूरी तक पहुँचाया। नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड। चीजों की बड़ी योजना में, महाराष्ट्र (25 स्वर्ण) ने तालिका के शीर्ष पर फिर से बढ़त हासिल कर ली है, लेकिन हरियाणा (22 स्वर्ण) और मेजबान मध्य प्रदेश (21 स्वर्ण) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे और चुनने के लिए बहुत कम विकल्प थे। उनके बीच स्वर्ण पदक की शर्तें।

### जबलपुर में शुरू होंगी तलवारबाजी प्रतियोगिताएं

जबलपुर के रानीताल खेल परिसर में आज से तलवारबाजी प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इससे पहले खो खो और तीरंदाजी प्रतियोगिताएं भी इसी मैदान पर खेली जाती थीं। 10 फरवरी, 2023 तक एपी, फॉइल और सेबर इवेंट्स में करीब 250 युवा फ़ेंसर्स अपने कौशल का प्रदर्शन करते नज़र आएंगे। लड़कों और लड़कियों दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### बालिका फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंचा मध्य प्रदेश

बालाघाट के मुल्ना स्टेडियम में, मेजबान एमपी ने 2000 प्रशंसक प्रशंसकों की भीड़ के सामने गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जब उन्होंने केरल को 3-1 से जीत के खेल में हरा दिया। दूसरे हाफ में गोलरहित रहने के बाद मोनिशा सिंह की शानदार फ्री-किक ने मेजबान टीम को बढ़त दिला दी और इसके बाद वे और आगे बढ़ गए। आखिरी मिनट में केरल को सांत्वना गोल मिला। दूसरे गेम में अरुणाचल प्रदेश ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव पर 17 गोल दागे, बिना कोई जवाब दिए वह भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर गया।

लड़कों के फुटबॉल में इंदौर के एमराल्ड हाइट्स मैदान में, पंजाब ने अरुणाचल पर 3-0 से जीत के साथ अंतिम चार के लिए क्वालीफाई किया। दूसरे गेम में केरल ने एमपी को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### दिन के सितारे

दिन के सितारे हालांकि सोनम और सिद्धार्थ थे और उन्होंने शानदार प्रयासों को सामने लाया। सोनम ने दूरी की दौड़ में अपने दूसरे स्थान के प्रतिद्वंद्वी तेलंगाना की सी. कीर्तन को पीछे छोड़ दिया, अंतिम चरण में शानदार गति के साथ। सिद्धार्थ का 21.04 मीटर का प्रयास भी उत्तर प्रदेश (यूपी) के आशुतोष दुबे से लगभग डेढ़ मीटर आगे था, जिन्होंने रजत के लिए 19.70 मीटर की छलांग लगाई। मध्य प्रदेश (एमपी) की एकता डे और अनुराग सिंह कलेर ने क्रमशः लड़कियों के स्टीपलचेज और लड़कों के शॉट पुट में कांस्य पदक जीता।

### महाराष्ट्र की संयुक्ता काले ने रिदमिक जिम्नास्टिक में तीन स्वर्ण जीते

ग्वालियर के लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई) में, जहां जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के दिन समापन हुआ, महाराष्ट्र की संयुक्ता काले ने गर्ल्स रिदमिक जिम्नास्टिक में तीन स्वर्ण पदक जीते। संयुक्ता ने पूरी तरह से अनुशासन पर हावी होने के लिए क्लब, हूप और बॉल इवेंट जीते। जम्मू-कश्मीर की मुस्कान राणा तीनों स्पर्धाओं में उनके बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

अन्य छह जिम्नास्टिक स्वर्ण समान रूप से मेजबान एमपी (दीपेश लश्करी- बॉयज हॉरिजॉन्टल बार), यूपी (जतिन कुमार कनौजिया- बॉयज पैरेलल बार), तेलंगाना (सुरभि प्रसन्ना- गर्ल्स वॉल्ट), गुजरात (निशि भावसार- गर्ल्स बैलेंसिंग बीम), के बीच समान रूप से वितरित किए गए। पश्चिम बंगाल (सौमिली करार- गर्ल्स फ्लोर एक्सरसाइज) और महाराष्ट्र (उर्वी वाघ- गर्ल्स अनइवन बार्स)।

### कबड्डी की शुरुआत इंदौर में हुई

कबड्डी प्रतियोगिताएं भी इंदौर के अभय प्रशाल में सातवें दिन ग्रुप गेम लाइन अप के साथ शुरू हुई। लड़कियों में एमपी, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और बिहार ने अपने खेल जीते जबकि लड़कों में दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान और यूपी विजेता रहे।

ग्वालियर में म.प्र. महिला हाकी अकादमी टर्फ में हॉकी के ग्रुप मुकाबले भी जारी रहे। मेजबान एमपी ने लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में प्रभावित करना जारी रखा क्योंकि उनके लड़कों ने झारखंड को 5-1 से हराया, जबकि लड़कियों ने बिना कोई जवाब दिए ओडिशा को पीछे छोड़ दिया। उस दिन के अन्य विजेताओं में यूपी (लड़कियां), पंजाब (लड़कियां), यूपी (लड़के), पंजाब (लड़के) और हरियाणा (लड़के) थे। हरियाणा और झारखंड के बीच लड़कियों के ग्रुप का खेल गतिरोध पर समाप्त हुआ।

### निशानेबाजी में चीफ नेशनल राइफल कोच के बेटे ने जीता गोल्ड

निशानेबाजी में जहां दो स्वर्ण पदक तय थे, पूर्व ओलंपियन और मुख्य राष्ट्रीय राइफल कोच जॉयदीप कर्मकार के 17 वर्षीय बेटे एड्रियान कर्मकार ने राजस्थान के मानवेंद्र शेखावत को 16-16 से हराकर लड़कों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक संघर्ष में 12। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में यूपी के केशव चौधरी और संस्कृति बाना ने गोल्ड जीता, जिन्होंने निर्णायक मुकाबले में हरियाणा के शुभम बिस्ला और सुरुचि को 16-8 से हराया।

### अन्य एथलेटिक परिणाम

800 मीटर बालक- शकील (राज) ने 1.52.15 मिनट में स्वर्ण, सोमनाथ चौहान (हरियाणा) ने रजत, आदर्श मौर्य (मध्यप्रदेश) ने कांस्य

800 मीटर गर्ल्स- आशा किरण बारला (झा) ने 2.07.37 में स्वर्ण, लक्षिता सेंडिलिया (गुजरात), रिया नितिन पाटिल (महाराष्ट्र)



# कप्तान रोहित का सबसे बड़ा टेस्ट

## भारत और WTC फाइनल के बीच खड़ा ऑस्ट्रेलिया ; शर्मा का कप्तानी अनुभव कम

**मुंबई, ईएमएस।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज रोहित शर्मा के कप्तानी करियर का पहला सबसे बड़ा टेस्ट होगा। 9 फरवरी से नागपुर में पहला टेस्ट खेला जाएगा। फरवरी 2022 में कप्तानी मिलने के बाद रोहित 2 ही टेस्ट में भारत की कप्तानी कर सके। इस बीच इंजरी के कारण वे इंग्लैंड और बांग्लादेश में 3 टेस्ट नहीं खेल सके।रोहित का टेस्ट कप्तानी में अनुभव कम है। वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भारत के लिए सीरीज बहुत अहम है। आगे स्टोरी में हम आंकड़ों के जरिए जानेंगे कि कप्तान रोहित के सामने इस सीरीज में क्या मुश्किलें आएंगी। उन्होंने अपनी कप्तानी में कैसा परफॉर्म किया है और ड्ब्ल्यूञ्ज्ट फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को क्या करना होगा।

### 2 ही मैचों में कप्तानी की

टेस्ट कप्तानी मिलने के बाद रोहित शर्मा भारत के लिए 2 ही मैचों में कप्तानी कर सके। ये टेस्ट पिछले साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए थे। भारत ने दोनों ही टेस्ट जीते। इस सीरीज के बाद भारत ने इंग्लैंड में एक और बांग्लादेश में 2 टेस्ट खेल लिए। लेकिन, चोट के चलते रोहित टीम का हिस्सा नहीं बन सके।

इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में और केएल राहुल ने बांग्लादेश में कप्तानी की। भारत इंग्लैंड में टेस्ट मैच हार गया। वहीं, बांग्लादेश में टीम इंडिया ने क्लीन स्वीप किया।

### इंजरी ने किया परेशान

पिछले एक साल में टीम इंडिया से दूर रहने की सबसे बड़ी वजह रोहित की इंजरी रही। इंजरी के कारण वे भारत के लिए पिछले 10 में से 2 ही टेस्ट खेल सके हैं। पिछले महीने भी बांग्लादेश में वह वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए। जिसके बाद टेस्ट सीरीज में उनकी जगह केएल राहुल ने कमान संभाली थी। लेकिन, रोहित अब पूरी तरह फिट हैं। श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज जिता कर बेहतर माइंडसेट के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीत के लिए तैयार हैं।

### कप्तानी में 30 का औसत

अपनी टेस्ट कप्तानी में बैटर रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी अब तक बड़ी टीम के खिलाफ देखने को नहीं मिला है। 2022 में श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों में उनके बल्ले से कुछ खास रन नहीं निकले थे। तब 2 टेस्ट में उन्होंने 30 की औसत से महज 90 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर भी 46 रन ही रहा।

### भारत में खूब रन बनाए

रोहित शर्मा ने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की घरेलू सीरीज से टेस्ट डेब्यू किया था। यह सचिन तेंदुलकर के करियर का आखिरी टेस्ट मैच था। रोहित ने तब से भारत में खूब रनाए। भारत में खेले 20 टेस्ट में उनके नाम 1760 रन हैं। इनमें 7 शतक और 6 अर्धशतक आए। विदेश में उनके बैट से शुरुआत में कुछ खास रन नहीं निकले। लेकिन, पिछले 2 साल में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।वर्ल्ड कप देखा तो खुद को वहीं महसूस किया।

## रवींद्र जडेजा बोले– 5 महीनों बाद भारत की जर्सी पहनकर खुशी हुई ; रणजी में कॉन्फिडेंस मिला

मुंबई, ईएमएस। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भारतीय टीम के साथ जु? चुके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। टेस्ट मैच से पहले ड्ढष्टष्टढ्ढ ने रवींद्र जडेजा के इंटरव्यू का वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने अपने सर्जरी के बाद हुए रिहैब एक्सपीरिएंस को शेयर किया। उन्होंने कहा, 5 महीने बाद वापसी करके बहुत खुश हूं। सर्जरी के बाद रिहैब में फिजियो ने छुट्टी के दिन भी मुझ पर मेहनत की।



### वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी का फैसला मुश्किल था

रवींद्र जडेजा ने आखिरी बार अगस्त 2022 में एशिया कप के दौरान भारत के लिए क्रिकेट मैच खेला था। एशिया कप में ही उन्हें घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने घुटने की सर्जरी करवाई। जडेजा ने कहा, च्पांच महीने क्रिकेट से दूर रहना बहुत मुश्किल था। आराम के दौरान आप चि?ने लगते हो। चोट से मैं परेशान था और सर्जरी करवानी ही थी। मैंने सोचा की वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी करवाना चाहिए या बाद में। डॉक्टर की सलाह पर मैंने वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी करवाई। क्योंकि सर्जरी के बिना भी वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल था।ज

### वर्ल्ड कप देखा तो अपने आप को वहीं देख रहा था

जडेजा ने कहा, चरिकवरी का समय बहुत मुश्किल होता है। इस दौरान लगातार यही सवाल आता है कि आप कब फिट होंगे। घर से जब टी-20 वर्ल्ड कप देखा तो मुझे लगा कि मैं भी वहीं हूं। ये चीजें आपको मोटिवेट करती हैं। आप अच्छे से ट्रेनिंग और रिहैब करते हैं।ज

### फिजियो और ट्रेनर्स ने बहुत मेहनत की

जडेजा बोले, चफिजियो और ट्रेनर्स ने ह्लष्ट में मुझ पर बहुत मेहनत की। संडे को ऑफ रहने पर भी फिजियो मेरे लिए आते थे और मदद करते थे। मैं दो-तीन हफ्ते ह्लष्ट बेंगलुरु में रहता था और फिर माइंड फ्रेश करने के लिए घर जाता था। ज्यादातर टाइम ट्रेनिंग में ही बितता था, जिससे कि मैं जल्दी ठीक हो जाऊं।ज

वह बोले, च्ह्लष्ट में भी ट्रेनर्स बहुत मोटिवेट करते थे। जब मैं कहता था कि मुझे बहुत दर्द हो रहा है। तब वो बोलते थे कि आपको मेहनत देश के लिए करना है न कि खुद के लिए। इससे मनोबल ब?ा।ज

### इंजरी के बाद के दो महीने बहुत मुश्किल थे

जडेजा ने बताया, च्सर्जरी के बाद के दो महीने मेरे लिए बहुत कठिन थे। इस दौरान आप बाहर भी नहीं जा सकते और चल भी नहीं सकते। इस दौरान परिवार और दोस्त मेरे साथ थे।ज

इंजरी से पूरी तरह रिकवर होने के बाद 34 साल के जडेजा ने 24 जनवरी को सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेला। जडेजा ने बताया, च्चोट से रिकवरी के बाद रणजी मैच के पहले दिन मुझे अजीब सा लगा। मैं 5 महीने बाद धूप में क्रिकेट खेलने आया था। इससे पहले पूरे समय मैं इंडोर ट्रेनिंग ही कर रहा था। रणजी में चेन्नई के वेदर में मुझे मुश्किलें हुईं, लेकिन हर दिन मुझे बेहतर महसूस हुआ। पांचवें दिन मुझे लगा कि मैं मैच खेलने के लिए फिट हूं। आपको ब?ा टूर्नामेंट खेलने से पहले कॉन्फिडेंस चाहिए रहता है और वो रणजी में मुझे मिल गया।

तमिलनाडु के खिलाफ मैच में जडेजा ने 41.1 ओवर बॉलिंग की। पहली पारी में तो उन्हें एक ही विकेट मिला, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 7 विकेट झटक लिए। उन्होंने बैटिंग करते हुए 23 और 15 रन की पारियां खेल कर खुद को मैच के लिए तैयार साबित किया।



## सेल्फी के प्रमोशन में अक्षय ने लिया भाईजान का सहारा

**मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और सलमान खान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों अपकमिंग फिल्म च्सेल्फीज के सॉन्ग च्मैं खिलाड़ीज पर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखना उनके फैंस के लिए एक विजुअल ट्रीट है। इस दौरान सलमान ब्लैक टी-शर्ट और ब्लू जींस में नजर आए।**



## मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी पर सलमान खान संग किया जबरदस्त डांस

वहीं अक्षय ने ब्लू टी-शर्ट के साथ ग्रे पैंट और व्हाइट स्नीकर्स में दिखाई दिए।इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि अक्षय पहले सलमान खान को अपने टैबलेट पर सॉन्ग को दिखाते हैं। गाने के स्टेप्स सीखने के बाद अक्षय-सलमान दोनों डांस करने लगते हैं। अक्षय ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, च्सलमान खान को बीट पकड़ने में मुश्किल से कुछ सेकेंड लगे। फिर क्या भाई...बस धूम मचाई।ज

### यूजर्स के रिएक्शन

अब इस वीडियो को देखने के बाद फैंस से लेकर सेलेब्स तक रिएक्ट कर रहे हैं। राखी सावंत ने लिखा, च्बधाई हो भाई।ज, सिंगर स्टेबिन बेन ने लिखा, च्मेरे चहेते स्टार्स को यूं देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।ज वहीं कुछ यूजर्स का कहना है कि अक्षय कुमार भी शाहरुख खान की राह पर निकल पड़े हैं। उन्होंने भी अपनी फ्लॉप होती फिल्मों के बाद भाईजान का सहारा ले लिया है।

### मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी का रीमेक है ये गाना

अक्षय कुमार की फिल्म च्सेल्फीज का गाना च्मैं खिलाड़ीज साल 1994 में आई फिल्म च्मैं खिलाड़ी तू अनाड़ीज का रीमेक है। इस गाने की खास बात ये है कि च्मैं खिलाड़ी तू अनाड़ीज में भी अक्षय कुमार ने लीड रोल प्ले किया था। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर सैफ अली खान नजर आए थे। ये फिल्म काफी हिट रही थी।

### 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी च्सेल्फी

अक्षय की फिल्म च्सेल्फीज की बात करें तो इसमें उनके साथ इमरान हाशमी और नुसरत भरूचा भी हैं। यह फिल्म 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसको राज मेहता ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म मलयालम फिल्म च्ड्राइविंग लाइसेंसज का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में इमरान पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं अक्षय सुपरस्टार विजय के रोल में दिखाई दे रहे हैं।



## करोड़ों की मालकिन हैं अनुपमा में साड़ी पहनकर एंट्री मारने वाली माया, रियल लाइफ में हैं बेहद ग्लैमरस

मुंबई ,ईएमएस। टीवी के पॉपुलर सीरियल च्अनुपमाज में इन दिनों एक नए किरदार ने हलचल मचा रखी है। हम बात कर रहे हैं माया का रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस छवि पांडे की, जो सीरियल में खुद को अनुपमा-अनुज की बेटी छोटी की असली मां बता रही हैं। शो में छवि ट्रेडिशनल लुक में नजर आती हैं, जबकि रियल लाइफ में ये हसीना काफी बोल्ड है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो उनकी नेट इनकम भी 5 मीलियन डॉलर के आसपास है। छवि के सोशल मीडिया पर नजर डालें, तो उनके पास वेस्टर्न कपड़ों का बेहतरीन कलेक्शन देखने को मिलता है। छवि पांडे के इंस्टाग्राम पर नजर डालें, तो वह अलग-अलग आउटफिट्स में नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि मिनी ड्रेसेस पहने हुए दिख रही हैं। हसीना के पास शॉर्ट ड्रेसेस का बढ़िया कलेक्शन है। फ्लोरल प्रिंट की आउटफिट के साथ उन्होंने पेंडेंट चेन, ईयर स्टड्स और मिनिमल मेकअप किया हुआ है। दूसरी तरफ स्टाइलिश ड्रेस में वह बेहद ही हॉट लग रही हैं। च्अनुपमाज सीरियल मिलने के बाद छवि के सितारे इन दिनों बलुंदी पर हैं। हसीना बोल्ड आउटफिट्स पहनने के साथ ही अपनी फिटनेस पर भी खास ध्यान देती हैं। अगर आप घूमने का प्लान कर रही हैं, तो इस हसीना से फैशन आइडियाज ले सकती हैं। इस तरह की फ्लोरल बिकिनी आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगी, जिसके साथ आप सैरॉन्ग बांध सकती हैं।छवि बिना मेकअप के ही अपने लुक्स को स्टाइलिश बना लेती हैं। बीच पसंद करने वाली महिलाएं उनके इन लुक्स से टिप्स ले सकती हैं। वहीं कपड़ों का कलर कॉम्बिनेशन सटीक बैठें, इसके लिए भी आप इस हसीना की तस्वीरों पर एक नजर डाल सकती हैं। छवि की हर एक तस्वीर में आपको उनकी लग्जीरियस लाइफ की झलक देखने को मिलेगी।

# हम किसानों के हमदर्द, सत्ता से विवाद नहीं किसानों के हक से समझौता नहीं

## किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा– मध्यप्रदेश में लूट की बनाई हुई सरकार



**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत ने जबलपुर में पत्रकारों से चर्चा कर दो टूक कहा कि हम किसानों के हमदर्द है, सत्ता से कोई विवाद नहीं है लेकिन किसानों के हक से समझौता नहीं करेंगे। किसान नेता का कहना है कि किसानों के खिलाफ जो सरकारें एजेंडा लेकर आएगी भारतीय किसान यूनियन उसका विरोध करेंगी। श्री टिकैत ने एक सवाल के जवाब पर कहा कि मध्यप्रदेश में लूट की बनाई हुई सरकार है इसमें ये नहीं कह सकते कि सरकार हमारी है।

### बाबा रामदेव अपने योग में ध्यान दे तो बेहतर होगा

किसान नेता राकेश टिकैत ने योगगुरू बाबा रामदेव की आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वह अपने योग क्रिया में ध्यान दें तो अच्छा होगा, क्योंकि राजनीति या फिर किसानों को लेकर बोलना है तो उसकी जानकारी होना जरूरी है। किसान नेता केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि लोगों को धमकाकर अपने पक्ष में बुलवाया जा रहा है। जो सरकार खिलाफ बोलता है उसे धमकी दी जा रही है। लेकिन हमे इससे कोई लेना नहीं है किसानों के हक में यूनियन खड़ा है जब-जब किसानों का अहित होगा तब आवाज बुलंद की जाएगी।

हम किसी को समर्थन नहीं करेंगे, भूल में न रहे

एक सवाल पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हम किसी पार्टी को समर्थन नहीं करेंगे, कोई भी पार्टी भूल में न रहे। छत्तीसगढ़ या फिर बिहार किसान यूनियन उन सरकारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी जो किसान के खिलाफ है। श्री टिकैत ने बागेश्वर धाम को लेकर कहा कि सरकार पुलिस और सीबीआई जैसे संस्थान बंद करके इनकी शरण में जाए और पर्ची लिखकर मामलों को निपटारा कर लें।

# सहकारिता कार्यालय में लोकायुक्त की कार्रवाई, रीडर गिरफ्तार

## समिति प्रबंधक का आदेश जारी करने मांगी थी 20 हजार की रिश्वत



**जबलपुर, यशभारत।** सिविक सेंटर स्थित सहकारिता कार्यालय में उस वक्त हंगामा हो गया जब लोकायुक्त की टीम ने रीडर राकेश कोरी को 20 हजार की रिश्वत के साथ गिरफ्तार कर लिया। रिश्वतखोर रीडर ने पीड़ित सुरेश कुमार सोनी से सहायक समिति प्रबंधक का आदेश जारी करने को लेकर बीस हजार रुपये की डिमांड की थी। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता सुरेश कुमार सोनी ने कुछ दिन पहले कार्यालय आकर बताया था कि सहायक समिति प्रबंधक के पद पर उससे कनिष्ठ अधिकारी की नियुक्ती कर दी गई है। इसको लेकर वह न्यायालय की शरण में गया था। जहां से सिविक सेंटर स्थित कार्यालय को निर्देश दिए गए थे कि सहायक समिति प्रबंधक पद पर नियुक्ती के आदेश जारी किए जाएं। इस संबंध में जब वह कार्यालय पहुंचा और रीडर राकेश कोरी से मिला तो उससे आदेश जारी करने के लिए बीस हजार रुपये की मांग की। इसी आधार पर शिकायतकर्ता आज सोमवार को रिश्वत के पैसे लेकर कार्यालय पहुंचा था। जैसे ही रीडर को रिश्वत की रकम दिए गए। उसी वक्त लोकायुक्त ने उसे दबोच लिया।




# कांग्रेस ने घेरा जीवन बीमा और भारतीय स्टेट बैंक का मुख्यालय

**जबलपुर यशभारत।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देशन पर कार्यकर्ताओं ने जीवन बीमा और स्टेट बैंक मुख्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देश पर समस्त जिलों के जीवन बीमा निगम एवं भारतीय स्टेट बैंक के मुख्यालयों के सामने किया गया। शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक जैसे पी एस यू हमारे देश का गौरव है, और करोड़ों भारतीय की गाढ़ी कमाई से बने हैं। इन संस्थानों पर प्रत्येक भारतवर्षीय का अटूट विश्वास है। अडानी समूह ने एल.आई.सी., एस.बी.आई. और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में जबरदस्त निवेश किया है। कांग्रेस पार्टी कभी भी किसी भारतीय कॉरपोरेट घराने के खिलाफ नहीं रही, हम क्रोनी कैपिटल के खिलाफ है। हम चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए नियम बदलने के विचार के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब और आम आदमी के साथ खड़ी है, और खड़ी रहेगी, साथ ही विरोध प्रदर्शन के माध्यम से हम सरकार से मांग करते हैं, कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या एक संयुक्त संसदीय समिति (जे.पी.सी) के तहत एक निष्पक्ष जांच व हिडनवर्ग रिसर्च रिपोर्ट में विस्तार से जांच की जाए, साथ ही एल.आई.सी. एस.बी.आई. और अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के जबरदस्त निवेश पर संसद में चर्चा की जानी चाहिए और निवेशकों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। सुबह 11 बजे बजे मदन महल क्षेत्र स्थित जीवन बीमा निगम मुख्यालय व शाम 3.00 बजे विजय नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्यालय का जंगी घेराव प्रदर्शन किया गया। इस घेराव प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी, पी.सी.सी सदस्य, कांग्रेस समन्वय समिति, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन.एस.यू.आई., सेवादल सहित सभी विंग, प्रकोष्ठ व विभाग के कांग्रेसजन उपस्थित थे। ब्लाक अध्यक्ष दिवस दिनेश तामसेवार के संयोजन में एलआईसी मदनमहल के सामने धरना प्रदर्शन किया गया इस मौके पर बलवंत गुर्जर, आजम खान, शिवकुमार चौबे,प्रमोद पटेल, विजय रजक पार्षद अख्तर अंसारी, अतुल बाजपेई रज्जु सराफ, रेखा जैन, रजनी निगम सुमित्रा गोटिया, रवि सैलानी अभिषेक चौकसे, मनोज नामदेव अरुण पवार, राजा पांडे, टीकाराम कोष्टा, अंश गुजराल शुशांत सिंग प्रिंस सलुजा, विष्णु विनोदिया सलिल चौकसे, करने नामसेवार शैलेष राठौर, शामिल रहे।

**हिडनवर्ग रिसर्च रिपोर्ट में केंद्र सरकार विस्तार से जांच करें : अन्नू सिंह**

# ठंड से वृद्ध की मौत : सिद्ध घाट में तबियत बिगड़ने पर कराया था अस्पताल में भर्ती, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट में एक वृद्ध की ठंड से मौत होने का मामला सामने आया है। वृद्ध सिद्धघाट में बैठा रहता था, जिसे दो दिन पहले तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गयी। कयास लगाए जा रहे है कि वृद्ध को ठंड लग गयी। जिसके बाद उसके शरीर ने काम करना बंद कर दिया था। मृतक की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। थाना प्रभारी भूमेश्वरी चौहान ने पूरे मामले की जानकारी देत`हुए बताया कि सिद्ध घाट में बैठे-बैठे बेहोश हुए 80 वर्षीय वृद्ध को एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसकी दो दिन बाद आज सोमवार को मौत हो गयी। जिसके बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।


।।ॐ शांति।। ।।ॐ शांति।। ।।ॐ शांति।।



**त्रयोदशी कल**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी श्री विजय केशरी (पिता स्व. श्री तुलसीराम केशरी) का स्वर्गवास दिनांक 25.01.2023 बुधवार को हो गया है।
ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु बरसी (देवसा) का कार्यक्रम दिनांक 07.02.2023 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक रखा गया है उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता से प्रार्थना करें।

**कार्यस्थल**
2500, स्टेट बैंक कालोनी उखरी रोड पॉवर हाउस बल्देवबाग, जबलपुर (म.प्र.)

**शोकाकुल**
पत्नी- श्रीमति छाया केशरी, पुत्र- अंकित केशरी, भाई- अशोक, अरूण, दिलीप, संजय, नवीन एवं समस्त केशरी परिवार

मो. 8770010823, 9993709138







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )